कोटद्वार, शनिवार
6 जुलाई 2024
वर्ष: 46
अंक: 73 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### सचिव मुख्यमंत्री मीनाक्षी सुंदरम का स्कॉच अवार्ड के लिए चयन

देहरादून। सचिव मुख्यमंत्री आर मीनाक्षी सुंदरम का प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड के लिए चयन किया गया है। उन्हें ये अवार्ड नई दिल्ली में 13 जुलाई को इंडिया हेबिबेट सेंटर में दिया जाएगा। पॉवर, प्लानिंग, श्रम क्षेत्र में उनकी ओर से किए गए कार्यों के लिए उनका चयन किया गया है। इसके साथ ही पूर्व में सहकारिता, पशुपालन, मत्स्य जैसे क्षेत्रों में लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में किए गए कार्यों के लिए उनका इंडिपेंडेट श्रेणी में चयन किया गया। उनकी ओर से राज्य में सौर ऊर्जा के क्षेत्र को बढ़ावा देने और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्य का भी श्रेय दिया जाता है। राज्य की सौर ऊर्जा नीति में बदलाव कर उसे युवाओं की जरूरत और स्वरोजगार का बड़ा साधन बनाने को लेकर नए प्रावधान किए गए। इन्हीं नए प्रावधानों के कारण इस बार मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना को लेकर युवाओं में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। जबकि पिछली बार सीएम सौर स्वरोजगार योजना बुरी तरह फेल साबित हुई थी।

### प्रेमनगर में बच्चे की मौत के बाद हंगामा

देहरादून। प्रेमनगर के दशहरा ग्राउंड में स्टेडियम निर्माण के लिए बने गड्ढे में गिरकर बच्चे की मौत से आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार को हंगामा किया। बच्चे की गर्भवती मां ठेकेदार को सख्त सजा दिलाने के लिए करीब पांच घंटे धरने पर बैठी रहीं। तबियत खराब होने पर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक को भी लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। प्रेमनगर में शुक्रवार दोपहर से लापता पांच साल के अधीर कुमार का शव रात स्टेडियम में ट्रैक से पानी की निकासी के लिए बने गड्ढे से बरामद हुआ था। इससे गुस्साए लोगों ने रात को भी आक्रोश जताया। सुबह बच्चे के पिता जितेंद्र कुमार तो शव के पोस्टमार्टम के लिए चले गए, लेकिन मां पूजा स्थानीय लोगों के साथ घटनास्थल के समीप धरने पर बैठ गई। पूजा सात माह की गर्भवती हैं। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में लोग और पुलिस पहुंच गई। दोपहर करीब 01 बजे स्थानीय विधायक सविता कपूर मौके पर पहुंची। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढाढस बधाया लेकिन स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। लोगों ने मुआवजे की घोषणा नहीं करने तक धरने पर बैठे रहने की चेतावनी दी। विधायक ने पीड़ित परिवार को तत्काल राहत देते हुए 02 लाख रुपये देने की घोषणा की। विधायक ने कहा कि उन्हें सरकार की ओर से भी मदद की जाएगी।

### दून में पढ़ रहे नागालैंड के छात्र ने की आत्महत्या

देहरादून। शहर के एक निजी संस्थान में पढ़ाई कर रहे नागालैंड के छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कब्जे लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों को दून बुलाया गया है।एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि अपर मांडुवाला स्थित किराये के कमरे में रहने वाले युवक के आत्महत्या करने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो फंदे पर लटके मिले युवक की शिनाख्त केडीबामगुमहींग लीगिस उम्र 22 वर्ष निवासी पेउक्राम कॉलोनी, पेरेन टाउन, नागालैंड के रूप में हुई। शव को फंदे से उतारकर अस्पताल भिजवाया गया। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित किया। लीगिस डॉल्फिन पीजी कॉलेज से बीएससी एग्रीकल्चर में छठवें समेस्टर का छात्र था। उसने छत में लोहे की रॉड में नॉयलोन की रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाई। पुलिस मौत के कारणों को लेकर जांच कर रही है।

### बारिश से 15 सड़कें बंद, ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ीं

देहरादून। बारिश से मुश्किलें बढ़ती जा रही है। ग्रामीण सड़कों के बंद होने का सिलसिला जारी है। हालांकि, सड़कों को खोलने के लिए मशीनें लगी हुई, लेकिन बार–बार बारिश के कारण जब तक एक सड़क खुलती है, दूसरी बंद हो जाती है। जिले में हरिपुर–इच्छाड़ी–कवानू मोटरमार्ग तीन जगहों पर बंद है। कार्लीगाड़–सरोना, मौलधार–सेरकी–सिल्ला, मालदेवता–सेरकी–सिल्ला, सहस्त्रधारा–चामासारी, हयोटगरी–केतरी, सिल्लीखड्ड–कुनैन मोटरमार्ग भी बंद है। जिस कारण ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण पैदल आवाजाही करने को मजबूर हैं।

## मुख्यमंत्री धामी ने की सचिवालय में ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा

- राज्य के सभी जनपदों में शीघ्र बनाये जाएं रूरल बिजनेस इंक्यूबेटर सेंटर।
- महत्वपूर्ण योजनाओं को चिन्हित कर उनकी जनपदवार रैंकिंग की व्यवस्था की जाए।
- योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए गांवों में जाएं अधिकारी।
- राज्य में अब तक 93 हजार महिलाएं बन चुकी हैं, लखपति दीदी।



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड के ब्रांड ह्यहाउस ऑफ हिमालयाजह्न को वैश्विक स्तर पर ले जाने की योजना को सितम्बर तक पूर्ण रूप से धरातल पर लाया जाए। उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और मार्केटिंग का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि हवालबाग और कोटद्वार में बनाये गये रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर की तरह ही राज्य के सभी जनपदों में जल्द रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर बनाये जाएं। युवाओं और स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के क्षेत्र में बढ़ावा देने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, इसलिए विशेष ध्यान दिया जाए कि राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बनाई जा रही योजनाओं का नाम सरल और प्रभावी हो।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनता से जुड़ी 15 महत्वपूर्ण योजनाओं को चिन्हित किया जाए, योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जनपदवार रैंकिंग की व्यवस्था भी की जाए। मुख्यमंत्री ने सचिव ग्राम्य विकास को निर्देश दिये कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों को समय–समय पर गांवों में भेजा जाए। सचिव भी स्वयं कुछ गांवों में जाएं। ग्राम सभाओं की बैठकों में ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को भेजा जाए। अमृत सरोवरों के निर्माण और मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान दिया जाए। अमृत सरोवरों के किनारे वृक्षारोपण भी किया जाए।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे।

### बरसाती नदी में नहाने गए थे तीन बच्चे, अवैध खनन के गड्ढे में गिरकर एक की मौत, दो बचाए

हरिद्वार। रोशनाबाद क्षेत्र के नवोदय नगर में बरसाती नदी में नहाने गए एक बालक की अवैध खनन के गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। जबकि दो बालकों को सुरक्षित बचा लिया गया। स्थानीय निवासियों ने पूरे मामले को लेकर पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कार्रवाई की मांग की है। सांसद त्रिवेंद्र रावत और रानीपुर विधायक आदेश चौहान आज शाम बालक के घर पहुंचेंगे। पुलिस के मुताबिक, सिडकुल क्षेत्र की खालसा कॉलोनी निवासी तीन बालक गुरुवार की शाम नहाने के लिए नवोदय नगर कॉलोनी के पीछे बहने वाली बरसाती नदी में गए थे। जहां तीनों बालक अवैध खनन से बने गड्ढे में डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने दो बालकों को बचा लिया, मगर 15 साल का प्रियांशु गड्ढे में डूब कर लापता हो गया। देर रात तक जल पुलिस के गोताखोरों ने उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। शुक्रवार सुबह बालक का शव बरामद हो गया है। सांसद त्रिवेंद्र रावत शाम के समय बालक के घर पहुंच कर मामले की जानकारी लेंगे।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर सीबीआई को हाई कोर्ट का नोटिस



नई दिल्ली ,दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दायर जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने सीबीआई से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई तय की है। सुनवाई के दौरान सीबीआई का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल को जमानत के लिए पहले निचली अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। हालांकि, बेंच ने कहा कि इस तर्क पर बाद में विचार किया जाएगा। बेंच ने सीबीआई को इस बीच अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

इससे पहले सीएम केजरीवाल की जमानत याचिका पर तत्काल सुनवाई के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश (एसीजे) मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने बुधवार को पेश किया गया था। एसीजे ने आश्वासन दिया था कि उनकी जमानत याचिका पर 5 जुलाई (शुक्रवार) को सुनवाई की जाएगी। सीएम केजरीवाल इस समय भ्रष्टाचार के मामले में 12 जुलाई (14 दिन) तक न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी और उसके बाद एजेंसी की हिरासत की वैधता पर सवाल उठाया था। 26 जून को सीएम केजरीवाल को सीबीआई ने गिरफ्तार कर राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया था।

## कोई जन्मजात नहीं होता अपराधी, बनाया जाता है-सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अपराधी पैदा नहीं होते, बल्कि बनाए जाते हैं। किसी के अपराध करने के पीछे कई कारक जिम्मेदार होते हैं। निसंदेह हर संत का एक बीता हुआ कल होता है और हरेक पापी का एक भविष्य होता है।

सर्वोच्च अदालत ने इस टिप्पणी के साथ दो हजार के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार हुए एक आरोपित की चार साल से रुकी सुनवाई पर टिप्पणी करते हुए उसे सशर्त जमानत दे दी। विगत तीन जुलाई के अपने आदेश में जस्टिस जेबी पार्डीवाला और उज्ज्ल भुयन की खंडपीठ ने कहा कि लोग जन्म से अपराधी नहीं होते हैं। हर इंसान में मानवीय गुणों को उभारने की गुंजाइश होती है। इसीलिए किसी भी अपराधी के सुधरने की उम्मीद को खारिज नहीं किया जाना चाहिए।

**अपराध करने की कई वजहें हो सकती हैं**

प्रायः यह मूलभूत मानवीय सिद्धांत वयस्क या किशोर अपराधियों के संबंध में विचार करते हुए लोग भूल जाते हैं। अपराध करने की कई वजहें हो सकती हैं। यह कारक आर्थिक, सामाजिक या नैतिक मूल्यों के साथ मां–बाप की अनदेखी आदि हो सकते हैं। अपराध किसी आवेश या परिस्थितिजन्य भी हो सकते हैं।

**अपराधी को जल्द से जल्द सुनवाई का अधिकार– पीठ**

खंडपीठ ने कहा कि अपराध कितना ही गंभीर क्यों नहीं हो, एक अपराधी को जल्द से जल्द सुनवाई का अधिकार है। लेकिन एक अरसे से सुनवाई अदालतें और हाई कोर्ट कानून के इस बहुत ही मान्य सिद्धांत को भूल गए हैं। उन्हें समझना होगा कि जमानत को सजा के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

**ऐसे में जमानत से वंचित करने का कोई अधिकार नहीं**

अगर संबंधित अदालत समेत कोई राज्य या अभियोजन पक्ष को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आरोपित के मूलभूत अधिकारों को प्रदान करने या सुरक्षित करने की चिंता नहीं है तो उन्हें अपराध गंभीर मानते हुए जमानत से वंचित करने का कोई अधिकार नहीं है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि वह आरोपित की जमानत मंजूर कर रही है लेकिन वह मुंबई शहर छोड़कर नहीं जा सकेगा। उसे हर 15 दिन में संबंधित एनआईए कार्यालय या पुलिस थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

**ये है मामला**

उल्लेखनीय है कि इस आरोपित को 9 फरवरी, 2020 में मुंबई के अंधेरी में दो हजार के 1193 नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि नकली नोट पाकिस्तान से तस्करी करके मुंबई लाए गए थे।

### राजस्थान में मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जेपी नड्डा से मिले किरोड़ी लाल मीणा

नई दिल्ली , राजस्थान में मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास पर जेपी नड्डा के साथ हुई मुलाकात के दौरान किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा देने के कारणों के बारे में विस्तार से पार्टी अध्यक्ष को अवगत कराया। हालांकि जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए किरोड़ी लाल मीणा ने एक बार फिर से अपनी बात को दोहराते हुए कहा कि उनकी भाजपा संगठन या मुख्यमंत्री से कोई नाराजगी नहीं है। सबका अच्छा प्यार और सहयोग है। उनका कोई दुराग्रह नहीं है और उन्होंने हमेशा पार्टी की लाइन पर ही काम किया है। मुलाकात को लेकर किरोड़ी लाल मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें बातचीत के लिए बुलाया था। उनके साथ कुछ ऐसी बातें हुई हैं जिसे वे बताना नहीं चाहते। इस्तीफा वापस लेने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह तो पार्टी तय करेगी लेकिन चूंकि उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान जनता के बीच वचन दे दिया था कि अगर उनके प्रभाव वाले इलाकों में पार्टी हारेगी तो वे मंत्रिपद छोड़ देंगे, इसलिए उन्होंने छोड़ दिया ।

### नए रिकॉर्ड की ओर अमरनाथ यात्रा

## 6 दिनों में 1.25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के किए दर्शन



जम्मू ,कश्मीर में अमरनाथ मंदिर में पिछले छह दिनों में 1.25 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। पिछले वर्ष यह संख्या यात्रा शुरू होने के बाद 10 दिन में पहुंची थी। वहीं 6 हजार 919 यात्रियों का एक और जत्था शुक्रवार को कश्मीर के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया, आज 6,919 यात्रियों का एक और जत्था भगवती नगर यात्रा निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। इनमें से 2542 तीर्थयात्री सुबह 4 बजे 109 वाहनों के सुरक्षा काफिले में उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए। वहीं 4,377 यात्रियों को लेकर 150 वाहनों का एक और सुरक्षा काफिला सुबह 4.30 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आमतौर पर बादल छाए रहने और दिन में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। श्रद्धालु या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग गुफा मंदिर के अंदर ह्यदर्शनह्न करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं। इस साल करीब 300 किमी लंब जम्मू–श्रीनगर राजमार्ग पर, दोनों यात्रा मार्गों, दो आधार शिविरों और पवित्र गुफा मंदिर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि सुचारू एवं दुर्घटना–रहित यात्रा सुनिश्चित की जा सके। दोनों मार्गों पर और पारगमन शिविरों ताथ गुफा मंदिर में 124 से अधिक लंगर (सामुदायिक रसोई) बनाये गए हैं। इस साल की यात्रा के दौरान 7 हजार से ज्यादा सेवादार यात्रियों की सेवा कर रहे हैं। दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

## पेरिस ओलंपिक : भारतीय दल से पीएम मोदी की मुलाकात



नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों से खास मुलाकात की और उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए रवाना होने वाले भारतीय दल से बातचीत की। इस दौरान कई खिलाड़ी ऑनलाइन भी जुड़े, इनमें नीरज चोपड़ा, प्रियंका गोस्वामी और पीवी सिंधु जैसी धाकड़ खिलाड़ी भी रहे। पीएम मोदी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से खिलाड़ियों से मुलाकात का वीडियो शेयर किया गया। वीडियो के कैप्शन में लिखा गया है, ओलंपिक के लिए पेरिस जा रहे हमारे दल से बातचीत की। मुझे विश्वास है कि हमारे एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और भारत को गौरवान्वित करेंगे। उनकी जर्नी और सफलता 140 करोड़ भारतीयों को उम्मीद देती है।

पीएम मोदी ने देश के लोगों से 26 जुलाई से शुरू हो रहे ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का भी आग्रह किया। भारत 2020 टोक्यो ओलंपिक में अपने 7 पदकों की संख्या को पार करने की कोशिश करेगा।

पीएम मोदी ने कहा, साथियों, पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। निशानेबाजी में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमों ने क्वॉलीफाई किया है। हमारी निशानेबाज बेटियां भारतीय शॉटगन टीम का भी हिस्सा हैं। इस बार हमारी टीम के सदस्य कुश्ती और घुड़सवारी में उन श्रेणियों में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिनमें उन्होंने पहले कभी हिस्सा नहीं लिया।

इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इस बार खेलों में अलग ही उत्साह देखने को मिलेगा। आपको याद होगाज् कुछ महीने पहले ही हमने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया था। शतरंज और बैडमिंटन में भी हमारे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

अब पूरा देश उम्मीद कर रहा है कि हमारे खिलाड़ी ओलंपिक में भी अच्छा प्रदर्शन करेंज् इन खेलों में पदक जीतें और देशवासियों का दिल भी जीतें। पीएम मोदी ने इस दौरान यह भी कहा कि ओलंपिक में जाने वाले सभी खिलाड़ियों को वह 15 अगस्त को लाल किले पर बनाएंगे, क्योंकि मेडल जीतना बाद भी की बात है लेकिन इसमें हिस्सा लेना भी बहुत बड़ा सम्मान है। पीएम मोदी ने 2036 में ओलंपिक की मेजबानी को लेकर भी अपना दृष्टिकोण खिलाड़ियों के साथ शेयर किया, साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों से यह भी कहा कि वो पेरिस ओलंपिक में व्यवस्था और अलग–अलग तकनीक–इंफ्रास्ट्रक्चर का अपना एक्सपीरियंस भी भारत लौटने पर जरूर साझा करें।

### झारखंड हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस बीआर षाड़ंगी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

रांची ,जस्टिस विद्युत रंजन षाड़ंगी ने शुक्रवार सुबह झारखंड हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस बीआर षाड़ंगी झारखंड हाईकोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस हैं। शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो सहित कई विशिष्ट लोग उपस्थित रहे। जस्टिस बीआर षाड़ंगी झारखंड से पहले ओडिशा हाई कोर्ट के जस्टिस थे।

सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की अनुशंसा पर राष्ट्रपति ने 3 जुलाई को उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी थी। जस्टिस षाड़ंगी का कानून की प्रैक्टिस और न्यायाधीश के रूप में 27 वर्षों का लंबा अनुभव है। उन्हें 20 जून 2013 को ओडिशा हाई कोर्ट का जस्टिस नियुक्त किया गया था।

## एसआईटी ने हाथरस हादसे की जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपी

- 100 लोगों के बयान दर्ज



हाथरस , हाथरस भगदड़ मामले में एसआईटी ने शुक्रवार को जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी दी। इसमें 100 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की अगुवाई में मामले की जांच चल रही है। हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए थे। इसके लिए उन्होंने समिति भी गठित की थी। एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ और मंडलायुक्त चैत्रा वी को एसआईटी में शामिल किया गया। शासन की ओर से इन्हें 24 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था। वैसे शासन की ओर से बुधवार तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था, लेकिन सीएम योगी के घटनास्थल पर जाने और राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने की वजह से निर्धारित समय अवधि तक जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी जा सकी। इसके बाद, अधिकारियों ने शासन से अपनी जांच रिपोर्ट तैयार करने के लिए तीन दिनों का अतिरिक्त समय मांगा। यही नहीं, मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसबल सहित और अन्य अधिकारियों को भी तैनात किया गया, ताकि स्थिति पर पैनी निगाह बनाई जा सके। अब जांच रिपोर्ट मिलने के बाद शासन की ओर से आगामी दिनों में क्या कुछ कदम उठाया जाता है, इस पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा व राज्यसभा के सत्र का किया सत्रावसान



नई दिल्ली ,राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा के सत्र का सत्रावसान कर दिया है। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू हुआ था। इसकी कार्यवाही दो जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी।

वहीं राज्यसभा का 264 वां सत्र 27 जून से शुरू हुआ था। इसकी कार्यवाही को तीन जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों– लोकसभा और राज्यसभा के सत्र का गुरुवार को सत्रावसान कर दिया। आपको बता दें कि, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई संसदीय मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक में, संसद के दोनों सदनों–लोकसभा और राज्यसभा के सत्र के सत्रावसान का फैसला किया गया। संसदीय मामलों की कैबिनेट कमेटी की सिफारिश के आधार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ही संसद के दोनों सदनों का सत्रावसान कर दिया।

बताया जा रहा है कि अपने तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश करने के लिए मोदी सरकार इसी महीने के आखिरी सप्ताह में संसद का नया सत्र बुला सकती है। लोकसभा चुनाव के कारण वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी, 2024 में अंतरिम बजट पेश किया था और अब सरकार का गठन हो जाने के बाद पूर्ण बजट पेश करने की तैयारी की जा रही है, जो संसद के अगले सत्र में पेश किया जाएगा।

### हाथरस भगदड़ हादसे के मुख्य आरोपी की नौकरी गई, गैर जमानती वारंट जारी

आगरा ,हाथरस भगदड़ के मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर को उत्तर प्रदेश के एटा जिले के शीतलपुर ब्लॉक में तकनीकी सहायक के पद से हटा दिया गया है। वह 2010 से अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) पर 20 पंचायतों में मनरेगा कार्यों की देखरेख कर रहे थे। शीतलपुर के ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर दिनेश शर्मा ने बताया कि एफआईआर में मधुकर का नाम मुख्य आरोपी के रूप में दर्ज है। हाथरस पुलिस ने उस पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। इसके बाद उसे पद से हटाने और उसकी संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई। घटना के बाद से फरार होने के कारण देव प्रकाश मधुकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया है।

## हाथरस भगदड़ के पीड़ित परिवारों से मिले राहुल गांधी,दिया मदद का भरोसा



अलीगढ़ , रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के पिलखना गांव पहुंचे और हाथरस भगदड़ के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। इस भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

दिल्ली से सडक़ मार्ग से राहुल गांधी अलीगढ़ के पिलखना पहुंचे। यहां वह हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मिले। राहुल गांधी सबसे पहले मंजू देवी के घर पहुंचे। उनके पति छोटे लाल और परिवार से मुलाकात की।

हाथरस हादसे में मंजू देवी और उनके बेटे की मौत हो गई थी। राहुल ने हादसे के बारे में जानकारी ली। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मंजू देवी की बेटी ने कहा कि इलाज में जैसी मदद होनी चाहिए वो नहीं हो सकी।

उन्होंने कहा कि आप परेशान न हो पूरी मदद की जायेगी। राहुल गांधी पिलखना गांव में ही दो और परिवार शांति देवी और प्रेमवती के घर भी पहुंचे। राहुल गांधी अलीगढ़ के बाद हाथरस भी जाएंगे।

## संपादकीय

### शर्मसार उत्तराखंड पुलिस

पुलिस जहां अपने साहसिक एवं सराहनीय कार्यों से समाज में कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने का काम करती है तो वहीं कई बार पुलिस के आचरण पर सवाल भी खड़े हो जाते हैं। खास तौर से जब अनुशासनहीनता और चारित्रिक पतन की घटनाएं सामने आती है तो पूरी वर्दी पर सवाल खड़े होने लगते हैं। विभाग में अनुशासन बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों पर गलत हरकतों में पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाती है लेकिन इसके बावजूद भी अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती है जो वर्दी पर दाग लगाने का काम करती हैं। मामला यदि महिलाओं से जुड़ा हुआ हो तो फिर आरोप और भी संगीन हो जाते हैं क्योंकि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार और मुख्यालय स्तर पर स्पष्ट निर्देश है। कुछ दिन पूर्व ही एक दरोगा पर महिला से फोन पर अश्लील बातें करने का वीडियो काफी वायरल हुआ था जिससे उत्तराखंड पुलिस को शर्मसार होना पड़ा तो वहीं कार्रवाई करते हुए उक्त दरोगा को निलंबित भी किया गया। दरोगा एक पुराने प्रकरण को लेकर महिला से अश्लील बातें कर रहा था जो कि रिकॉर्ड हो गई। अभी प्रकरण को लेकर अभी अधिकारी दिशा निर्देश जारी कर ही रहे थे की एक वर्ष पुराना एक और मामला उत्तराखंड पुलिस की वर्दी पर ग्रहण लगा कर सामने आ गया जिसमें बीते वर्ष केदारनाथ यात्रा पर आई एक महिला यात्री ने पुलिस कैंप में केदारनाथ चौकी प्रभारी सहित दो पुलिस कर्मियों पर उसके साथ छेड़खानी करने आरोप लगाया। महिला ने पुलिस मुख्यालय देहरादून में शिकायत दर्ज कराई। चुंकी महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों को लेकर सरकार एवं पुलिस मुख्यालय पहले से ही काफी संजीदा है लिहाजा इस शिकायत पर दो दरोगाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इन दोनों घटनाओं ने उत्तराखंड पुलिस को शर्मसार तो किया ही साथ ही एक सवाल यह भी खड़ा कर दिया कि महिलाओं एवं आम समाज की सुरक्षा में लगाए गए जिम्मेदार लोग ही यदि ऐसी हरकतों पर उतारू होंगे तो कैसे समाज में सुरक्षा का भाव पैदा होगा। विभाग की छवि बनाने के लिए वर्षो की मेहनत लगती है लेकिन एक छोटी सी शर्मनाक घटना या चूक पूरे विभाग और वर्दी पर दाग लगा देती है। तमाम उपलब्धियां के बावजूद उत्तराखंड पुलिस इन दोनों घटनाओं को लेकर कटघरे में खड़ी है हालांकि अच्छी बात यह है कि उच्च स्तर से दोनों ही घटनाओं को बेहद गंभीरता से लेते हुए तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है और इससे पूर्व उन्हें निलंबित भी किया गया है। सभी कर्मचारियों को यह संदेश देना बेहद जरूरी है कि वह खुद पर हर परिस्थितियों में संयम रखें और उन्हें जो ड्यूटी समाज की सुरक्षा के लिए दी गई है सिर्फ और सिर्फ उसी पर फोकस करें। यदि विभाग की गरिमा या किसी व्यक्ति विशेष की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की जाएगी तो उसके लिए दंड के लिए भी तैयार रहना होगा।

# प्रशासनिक विफलता का नतीजा है हाथरस हादसा

**आचार्य प्रमोद कृष्णम**

हाथरस की घटना बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। जिन लोगों की इस दुखद घटना में जान गयी है, उनके प्रति मेरी श्रद्धांजलि और जो घायल हुए हैं, वे जल्दी स्वस्थ हों, इसकी कामना करता हूं। इस घटना को लेकर तरह–तरह के सवाल उठाये जा रहे हैं, लेकिन मेरा मानना है कि ऐसी घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। यह राजनीतिक बयानबाजी का मुद्दा नहीं है। यह राजनीतिक संवेदनशीलता, व्यवस्था और दूरदर्शिता का मुद्दा है। यह स्थानीय पुलिस–प्रशासन की लापरवाही का विषय है। ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो, इस पर मिलकर सोचने की जरूरत है क्योंकि व्यवस्था के अभाव में इस तरह की घटना कहीं भी हो सकती है।

इसलिए मेरा आग्रह है कि घटना के कारणों का पता लगाया जाए और भविष्य में ऐसा न हो, इस पर विचार हो। उदाहरण के लिए, इस तरह की भीड़ जहां भी इकट्ठी होती है, वहां पुलिस–प्रशासन का रवैया बहुत लचीला होता है। चाहे सरकार किसी की भी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। पुलिस प्रशासन के रवैये में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आता है। इसका वे खुद साक्षी रहे हैं। हर साल कल्कि धाम में कल्कि महोत्सव मनाया जाता है। लाखों की संख्या में लोग आते हैं। कई बार मंच से उतरना मुश्किल हो जाता है। एक साथ सैकड़ों के समूह में अलग–अलग जत्थे मंच की तरफ बढ़ जाते हैं। कई बार तो सुरक्षा को लेकर खतरा लगने लगता है। उस भीड़ में से कोई भी व्यक्ति कुछ भी कर सकता है। आप सैकड़ों की भीड़ में असहाय हो जाते हैं।

पुलिस–प्रशासन तभी तक चुस्त–दुरुस्त दिखता है, जब कोई वीआइपी आते हैं। उनके जाने के साथ ही पुलिस रिलैक्स हो जाती है। मैंने इस विषय में कई बार पुलिस अधिकारियों को भी बताया है कि ऐसे आयोजन में उनकी ओर से किस तरह की व्यवस्था की जानी चाहिए। लेकिन वैसा होता नहीं है। पुलिस–प्रशासन की अपनी कार्यप्रणाली है, जिसे वह ठीक नहीं करना चाहती है। हाथरस की घटना के लिए आयोजक भी उतने ही जिम्मेदार हैं। वह भी दोषी हैं। यदि उन्होंने इन खतरों को आंकते हुए पुलिस प्रशासन से बातचीत की होती, तो शायद यह घटना नहीं घटती। पुलिस प्रशासन को इतनी संख्या में भीड़ के आने का अंदेशा होता, तो अपनी ओर से शायद वह भी कुछ कर पाता।

क्योंकि ऐसी घटना जहां होती है, उसकी तैयारी अगर पहले से न हो, तो व्यवस्था और अधिक चरमरा जाती है क्योंकि वहां एंबुलेंस, डॉक्टर, नर्स, अस्पताल, दवाओं आदि की व्यवस्था नहीं होती। जहां तक भक्तों की श्रद्धा की बात है, तो जो श्रद्धालु होते हैं, उनकी जहां श्रद्धा होती है, वे वहां जाते ही हैं। उनसे मिलना चाहते हैं, उनका आशीर्वाद लेना चाहते हैं, उनका पैर छूना चाहते हैं, तो ऐसे में भगदड़ मचना स्वाभाविक है। यदि मिलने के लिए या आशीर्वाद लेने के लिए एक साथ सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच जाएं, तो भगदड़ की स्थिति होना स्वाभाविक है। इसलिए मेरी समझ से इस घटना में सबसे बड़ा दोषी स्थानीय पुलिस–प्रशासन है।

स्थानीय पुलिस–प्रशासन की लापरवाही का विषय है। ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो, इस पर मिलकर सोचने की जरूरत है क्योंकि व्यवस्था के अभाव में इस तरह की घटना कहीं भी हो सकती है। इसलिए मेरा आग्रह है कि घटना के कारणों का पता लगाया जाए और भविष्य में ऐसा न हो, इस पर विचार हो। उदाहरण के लिए, इस तरह की भीड़ जहां भी इकट्ठी होती है, वहां पुलिस–प्रशासन का रवैया बहुत लचीला होता है। चाहे सरकार किसी की भी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। पुलिस प्रशासन के रवैये में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आता है। इसका वे खुद साक्षी रहे हैं। हर साल कल्कि धाम में कल्कि महोत्सव मनाया जाता है। लाखों की संख्या में लोग आते हैं। कई बार मंच से उतरना मुश्किल हो जाता है। एक साथ सैकड़ों के समूह में अलग–अलग जत्थे मंच की तरफ बढ़ जाते हैं। कई बार तो सुरक्षा को लेकर खतरा लगने लगता है। उस भीड़ में से कोई भी व्यक्ति कुछ भी कर सकता है। आप सैकड़ों की भीड़ में असहाय हो जाते हैं।



घटना के पीछे आस्था, श्रद्धा, अंधविश्वास जैसी बहुत सारी बातें बतायी जा रही हैं, लेकिन ये सब इसका दूसरा पहलू है। इन बातों पर अलग से बात की जा सकती है। अभी सबसे ,पहले हमें यह तय करना है कि इस घटना का जिम्मेदार कौन है? इसकी जिम्मेदारी किसी की भावना और श्रद्धा पर नहीं डाली जा सकती है। मेले लगने बंद नहीं हो सकते हैं। श्रद्धा के नाम पर लगे, तो गलत और कहीं और किसी राजनीतिक रैली के नाम पर लगे तो सही– इस तरह के दोहरे मापदंड नहीं अपनाना चाहिए। हमें यह देखना चाहिए कि जो भीड़ है, वह कितनी है और किस प्रकार की है।

जो राजनीतिक रैली होती है, उसमें भीड़ क्या नेताओं से नहीं मिलना चाहती है? उसके साथ सेल्फी नहीं लेना चाहती है, कई बार भीड़ के कारण मंच तक टूट जाते हैं। इसलिए इस तरह के मेलों को अंधविश्वास आदि से जोड़कर देखना मेरी समझ से उचित नहीं है। मेरा बार–बार यही कहना है कि कोई भी राजनीतिक रैली हो, मेला या आयोजन हो, उसमें भीड़ जुटती ही है, जरूरत इस बात की है कि उस भीड़ को नियंत्रित कैसे किया जाए, और यह काम स्थानीय पुलिस ही बेहतर तरीके से कर सकती है।

जहां तक अंधविश्वास की बात है, तो मेरा मानना है कि भारत भावनाओं का देश है, आस्था का देश है, श्रद्धा और विश्वास का देश है। हम अपनी व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त करने के बजाय हम अपनी परंपराओं, आस्था और विश्वास को कटघरे में खड़ा करें, तो मुझे लगता है कि यह नाइंसाफी है। एक बात और बताना चाहता हूं कि अंधविश्वास नाम की कोई चीज नहीं होती है। जहां विश्वास होता है, वह अंधा ही होता है। आप विश्वास किसे कहेंगे? विश्वास भी तो अंधा ही होता है। आप किसी को घर पर खाना के लिए बुलायेंगे, तो वह व्यक्ति आपके घर के सब्जी को ह्यटेस्टह्ल करके तो नहीं खायेगा कि कहीं उसमें किसी तरह का जहर तो नहीं मिला है। यदि कोई मिला भी दे, तो उसमें उस व्यक्ति का क्या कसूर है? तो, जो श्रद्धालु है, उस पर आरोप न लगाया जाए। और, इस पर राजनीति न की जाए।

मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है, इतनी दुखद घटना पर लोग राजनीति कर रहे हैं। तमाम विपक्षी दलों से भी कहना चाहता हूं कि वे लाशों पर राजनीति न करें। यह समय राजनीति का नहीं है। मृतकों के परिवार के लिए यह बहुत ही दुखदायी क्षण है।

उत्तर प्रदेश की सरकार से मेरी अपेक्षा है कि वह इसकी निष्पक्ष जांच करेगी और जिन लोगों की लापरवाही रही है, उसे दंडित करेगी। सरकार पूरे प्रदेश में प्रत्येक जनपद को यह निर्देश दें कि जहां भी रैली, सभा या मेला आयोजित हो रहा है, उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस–प्रशासन के ऊपर हो। इसी तरह के निर्देश केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से भी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजना चाहिए कि इस तरह की लापरवाही देश में कहीं भी न हो। निश्चित रूप से यह प्रशासनिक विफलता, लापरवाही और अपरिपक्वता का परिणाम है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है, वरना कोई न कोई ऐसी घटना घटती रहेगी और निदोष लोगों की जान चली जायेगी। जहां भी लोग बड़ी संख्या में जमा होते हैं, वहां किस प्रकार से प्रभावी इंतजाम हों, इस संबंध में एक व्यापक दिशा–निर्देश तैयार किया जाना चाहिए। इस तरह के आयोजन की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त होनी चाहिए, न कि श्रद्धालुओं के आस्था पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा करना चाहिए।

# राहुल गांधी का राजनीतिक उत्थान

**प्रभु चावला**

एक तस्वीर हजार शब्दों के समान होती है। पिछले दिनों एक तस्वीर आयी, जिसमें विपक्ष के नये नेता राहुल गांधी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से हाथ मिला रहे हैं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू उनके पीछे खड़े हैं। मोदी और राहुल परंपरा के अनुसार बिरला को आसन तक ले गये थे। विपक्ष की पहली कतार में आने में राहुल को दो दशक का समय लगा है। उनके माता–पिता भी प्रतिपक्ष के नेता रहे हैं। कभी ऐसा दौर भी था, जब वे संसद को खास अहमियत नहीं देते थे। मोदी को घेरने में कांग्रेस नाकाम रही क्योंकि राहुल द्वारा नामित नेता प्रभावी नहीं थे। इस बार मोदी का सामना करने के लिए उन्हें आगे रहना होगा। उनके आचरण और प्रदर्शन से राजनीति में उनका कद निर्धारित होगा। कांग्रेस अपने बूते सरकार नहीं बना सकती है। राहुल गांधी को अगले गांधी युग के लिए साजो–सामान का आविष्कार करना होगा। उन्हें अर्जुन के कौशल और शकुनि की चतुराई की आवश्यकता है ताकि वे वैचारिक रूप से भिन्न और महत्वाकांक्षी सहयोगियों को साध सकें।

उनके पक्ष में आयु और सामाजिक स्वीकार्यता है। सामाजिक और आर्थिक रूप से तथा आयु के हिसाब से उनके गठबंधन के सभी नेता अनुकूल हैं। अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, सुप्रिया सुले, कनिमोजी, उमर अब्दुल्ला, अभिषेक बनर्जी, अरविंद केजरीवाल और आदित्य ठाकरे राहुल के स्वाभाविक सहयोगी हैं। द्रमुक एवं राजद ने उन्हें प्रधानमंत्री के लिए अपनी पसंद बता दिया है। पर सभी को अपने प्रभाव क्षेत्र को बचाना और बढ़ाना है। राहुल के लिए यह अच्छी बात है कि कई राज्यों में कांग्रेस के पास खोने को कुछ खास नहीं है। वे अन्यों के वर्चस्व को स्वीकार कर सकते हैं और कुछ समय के लिए रणनीतिक रूप से पीछे हट सकते हैं। सोनिया गांधी अपने पूर्व आलोचक शरद पवार के साथ नाराजगी दूर कर तथा यूपीए सहयोगियों को अहम, मंत्रालय देकर 2004 में कांग्रेस को सत्ता में लायी थीं। यह एक सबक है। लोकसभा में मोदी के धार को कुंद करना राहुल की बड़ी चुनौती होगी।

राहुल धारदार वक्ता नहीं हैं। उन्हें मोदी की राजनीति, आर्थिक नीति और कूटनीति में कमियां निकालने की कला सीखनी होगी। मोदी ने एक चुनौतीविहीन शासक की तरह राज्य और केंद्र में सरकार चलाया है। अब उन्हें अपने सहयोगियों की मांगों का भी ध्यान रखना होगा। या तो वे उन्हें मानेंगे या गलतियां करेंगे। राहुल सही मौके का फायदा उठा सकते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें हर क्षण मोदी का सामना करना होगा। उन्हें विशेषज्ञ शोधार्थियों और सलाहकारों की आवश्यकता होगी, जो उन्हें अर्थशास्त्र, राजनीति, सरकार प्रबंधन, रक्षा, विदेश संबंध और पर्यावरण पर राय दे सकें। उन्हें ऐसे लोगों की आवश्यकता होगी, जो प्रभावी ढंग से नैरेटिव का जवाब दे सकें।क्या राहुल की विचारधारा नेहरू से मेल खाती है? उनके भाषणों से लगता है कि उन्होंने फेबियन समाजवाद के विचार को अपनाया है। ह्यदो भारतह्ल की उनकी बात नेहरू से ली गयी है। सम्मोहक नारे, बड़े आंकड़े और अजीब लक्ष्य मोदी की ताकत के हिस्से हैं। चूंकि दोनों हमेशा टकराव की स्थिति में होंगे, इसलिए राहुल को नये कौशल सीखने होंगे। हर गांधी ने अपना नया कांग्रेस बनाया था। नेहरू को ऐसी पार्टी मिली थी, जो उनके लोकप्रिय व्यक्तित्व और महात्मा गांधी के लगाव से अभिभूत थी। इंदिरा ने कांग्रेस विभाजन कर समर्पित समर्थकों की टुकड़ी खड़ी की, जिनमें से कुछ मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री बने। उनमें असुरक्षा का बोध नहीं था क्योंकि वे पार्टी से बड़ी थीं। अब सोनिया ने उसे अपनी संतानों को सौंप दिया है। गांधी परिवार की भारत की खोज त्रासदियों के माध्यम से निरंतरता की रही है। राजीव गांधी का प्रधानमंत्री बनना संजय गांधी और उनकी माता के निधन का परिणाम था।जब बोफोर्स घोटाले का विवाद उठा, तो उनके नजदीकी भाजपा में चले गये, जहां वे मंत्री एवं सांसद बने। विडंबना देखें, उनमें अधिकतर कांग्रेस नेताओं के परिजन थे। अब राहुल को कांग्रेस को एकजुट रखना होगा तथा उसे युद्ध के लिए तैयार करना होगा। भाजपा के दूसरे स्तर के नेता अभी सीखने की प्रक्रिया में हैं, जबकि कई कांग्रेस नेता युवा या अधेड़ हैं और कुछ साठ के दशक के शुरू में हैं। सचिन पायलट, रेवंत रेड्डी, डीके शिवकुमार, गौरव गोगोई, नाना पटोले, दीपेंदर हुड्डा, शशि थरूर, भूपेश बघेल आदि अकेले और साथ मिलकर अपने क्षेत्रों में जीत दिला सकते हैं। जनवरी, 2013 में जयपुर में राहुल ने मीडिया को कहा था– कांग्रेस एक मजेदार पार्टी है।

## डेयरी उद्योग का संकट बढ़ाएगा स्किम्ड मिल्क पाउडर

**हरवीर सिंह**

महाराष्ट्र के दूध किसानों को गाय के दूध के लिए 25 से 26 रुपये लीटर की कीमत मिल रही है। यह पिछले साल 38 रुपये प्रति लीटर तक थी। राजनीतिक नुकसान से बचने के लिए राज्य सरकार ने 28 जून को पांच रुपये प्रति लीटर की सब्सिडी घोषित की है। ऐसी नौबत क्यों आयी? करीब माह भर पहले ही देश के सबसे बड़े दूध ब्रांड अमूल, मदर डेयरी और नंदिनी ने दूध की खुदरा कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। इसके विपरीत दक्षिण भारत के बड़े ब्रांड आरोक्या, डोलडा और कुछ अन्य कंपनियों ने कीमतों में कमी की है क्योंकि किसानों से मिल रहे कम कीमत के फायदे को ये कंपनियां उपभोक्ताओं के साथ बांट रही हैं। पूरा मामला पेचीदा है।

इसमें दो बातें सच हैं। एक, किसानों को दूध की कीमत कम मिल रही है और डेयरी कंपनियों की मुश्किलें भी बढ़ी हैं। दो, पूरे मसले की जड़ में है स्किम्ड मिल्क पाउडर (एसएमपी) की कीमतों में भारी गिरावट, जो मार्च 2023 की 350 रुपये प्रति किलो से घटकर अब 210 रुपये प्रति किलो पर आ गयी हैं। इसलिए इस संकट को एसएमपी के बिजनेस डायनामिक्स से समझने की जरूरत है। यह भी सच है कि अगर कोई हल नहीं निकला, तो किसानों और डेयरी उद्योग के लिए यह संकट आने वाले दिनों में बढ़ेगा। कंपनियों द्वारा कीमतों के पीछे भी एसएमपी के घाटे की भरपाई बड़ी वजह है। देश में अभी करीब तीन लाख टन एसएमपी का स्टॉक है, जो सहकारी संस्थाओं अमूल, नंदिनी और निजी डेयरी कंपनियों के पास है। इसकी उत्पादन लागत करीब 300 से 350 रुपये प्रति किलो है। ऐसे में कंपनियों को मौजूदा कीमत पर इसे बेचने पर करीब 700 करोड़ रुपये का घाटा झेलना पड़ेगा। देश में सालाना करीब पांच लाख टन एसएमपी का उत्पादन होता है। एसएमपी की मुश्किल गाय के दूध की वजह से अधिक है और दूध उत्पादन में गाय के दूध की हिस्सेदारी बढ़ रही है। भारत में एनिमल फैट की खपत लगातार बढ़ रही है। इसलिए इसका उत्पादन भी बढ़ा है। दूध से जब फैट का उत्पादन करते हैं, तो एसएमपी का भी उत्पादन होता है। सौ लीटर गाय के दूध से बने फैट और एसएमपी की बिक्री से 3,371 रुपये यानी 33। 71 रुपये प्रति लीटर की कमाई डेयरी कंपनियों को रही है। एसएमपी और फैट उत्पादन के लिए प्रसंस्करण, पैकेजिंग और डेयरी के दूसरे खर्च करीब 3। 5 रुपये लीटर बैठते हैं। दूध के कलेक्शन, कमीशन और ट्रांसपोर्ट पर भी करीब 3। 5 रुपये लीटर का खर्च आता है।

# बॉक्स ऑफिस पर कल्कि 2898 एडी का आंधी जारी, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 700 करोड़ की ओर

नाग अश्विन की साइंस–फिक्शन एपिक फिल्म कल्कि 2898 एडी ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर अपनी धमाकेदार कमाई से धमाल मचा दिया है. प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन की तिकड़ी का जादू हर किसी को दीवाना कर दिया है. फिल्म ने दुनिया भर में 680 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की. फिल्म अब 700 करोड़ के आंकड़े की ओर बढ़ रही है. सोमवार को कलेक्शन में 60 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद, फिल्म ने मंगलवार को अपनी गति बनाए रखने में कामयाबी हासिल की है.



सैकनिल्क के अनुसार, कल्कि 2898 एडी ने अपने छठे दिन सभी भाषाओं में 27.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिसमें हिंदी (14 करोड़ रुपये), तेलुगु (11.2 करोड़ रुपये), तमिल (1.2 करोड़ रुपये), कन्नड़ (0.25 करोड़ रुपये) और मलयालम (1.2 करोड़ रुपये) का योगदान रहा है. 6 दिनों के बाद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कुल कलेक्शन लगभग 371 करोड़ रुपये हो गया है.

छह दिनों की कमाई में तेलुगु भाषी क्षेत्रों का सबसे बड़ा योगदान 193.2 करोड़ रुपये है. हिंदी दूसरे सबसे बड़े बाजार के रूप में उभरा है, जिसने 142 करोड़ रुपये कमाए हैं. तमिल, कन्नड़ और मलयालम बाजारों में क्रमशः 21 करोड़ रुपये, 2.4 करोड़ रुपये और 12.4 करोड़ रुपये कमाए है.

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मुंज्या की पकड़ बरकरार

पिछले कुछ साल कंटेंट से भरपूर फिल्मों के लिए काफी अच्छे रहे हैं। फिल्म की कहानी खुद ब खुद दर्शकों को थिएटर की तरफ खींचकर ले आई। 2024 में भी एक ऐसी ही अनोखी कहानी लोगों को फिल्म मुंज्या में देखने को मिली। छोटे बजट की इस फिल्म ने कुछ समय तक बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमाई, लेकिन प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी के रिलीज होते ही बुलेट ट्रेन से मुंज्या ने कछुए की रफ्तार पकड़ ली।

मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी जैसे सितारों से सजी फिल्म मुंज्या इस साल की हिट फिल्म का तमगा हासिल कर चुकी है।7 जून को रिलीज हुई यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही है और चौथे सप्ताह में भी यह दर्शकों के बीच पकड़ मजबूत बनाए हुए है।घरेलू बॉक्स ऑफिस मुंज्या की कमाई 100 करोड़ रुपये की ओर है।

# नताशा भाभी कहां हैं... फैंस ने हार्दिक पांड्या से किया सवाल, ऑलराउंडर ने बेटे अगस्त्या के साथ मनाया जश्न

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम करने के बाद अब भारतीय टीम के ज्यादातर खिलाड़ी अपने घर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी अपने मुंबई स्थित घर पर पहुंच चुके हैं। घर पर पहुंचते ही हार्दिक ने बेटे अगस्त्या के साथ जीत का जश्न मनाया। उन्होंने बेटे को मेडल पहनाया। इस दौरान उनकी पत्नी नताशा स्टेनकोविक नजर नहीं आईं। हार्दिक ने इस सेलिब्रेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मेरा नंबर 1 मैं जो भी करता हूं, बस तुम्हारे लिए ही करता हूं।'

**बेटे के साथ मनाया जश्न**

पांड्या ने अपने घर पर किए सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह अपने बेटे के साथ जीत का जश्न मना रहे हैं। इन तस्वीरों में



हार्दिक की पत्नी नताशा स्टेनकोविक नहीं दिख रही हैं। ऐसे में कुछ यूजर्स ने हार्दिक से पूछ ही लिया कि भाभी कहा हैं। बता दें कि भारतीय टीम गुरुवार सुबह बारबाडोस से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची थी। फिर टीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इसके बाद विजेता टीम ने मुंबई में हुई विक्ट्री परेड में हिस्सा लिया।

**हार्दिक ने बताया था अपना दर्द**

हार्दिकने प्रधानमंत्री मोदी को बताया, "पिछले 6 महीने काफी इंटरटेनिंग रहे। काफी उतार–चढ़ाव देखने को मिला। जब भी मैदान पर गया तो फैंस के गुस्से का सामना करना पड़ा। मैंने हमेशा यही सोचा था कि मैं अपने खेल से जवाब दूंगा। मुझे लास्ट ओवर में अपना खेल दिखाने का मौका मिला। सूर्यकुमार यादव ने गेम चेंजिंग कैच पकड़ा। हम काफी खुश हो गए थे उसके बाद मुझे कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ का काफी सपोर्ट मलिा।" टी20 वर्ल्ड कप 2024 में हार्दिक पांड्या ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। फाइनल में उन्होंने आखिरी ओवर में साउथ अफ्रीका को 16 रन नहीं बनाने दिए।

# टीवी एक्ट्रेस निम्रत कौर अहलूवालिया ने डिप्रेशन पर की खुलकर बात



टीवी एक्ट्रेस निम्रत कौर अहलूवालिया ने डिप्रेशन से जूझने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि टीवी शो छोटी सरदारनी की शूटिंग के दौरान लंबे समय तक काम करने और अकेलेपन ने उन्हें परेशान कर दिया था।

अपनी यात्रा को याद करते हुए उन्होंने कहा, डिप्रेशन से जूझना मेरे जीवन में एक बड़ी चुनौती रही है। छोटी सरदारनी की शूटिंग के दौरान लंबे समय तक काम करने के कारण मुझे बर्नआउट एंग्जायटी और डिप्रेशन का सामना करना पड़ा, साथ ही निजी जीवन में अकेलेपन का सामना करना पड़ा। रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाले स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 का हिस्सा रही निम्रत ने कहा कि उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों में कभी भी डिप्रेशन का सामना नहीं किया। उन्होंने कहा, मैंने डिप्रेशन के पता चलने के बाद 40 दिन का ब्रेक लेने के बावजूद काम करना जारी रखा और एंटीडिप्रेसेंट लेना शुरू कर दिया। एक साल बाद मैंने होम्योपैथी पर स्विच कर लिया। बिग बॉस सीजन 16 में प्रवेश करने से लगभग एक महीने पहले मैंने दवा लेना बंद कर दिया। निम्रत ने कहा कि मेरे लिए काम ढूंढना कभी मुश्किल नहीं रहा। मुझे काम पाने के लिए कभी संघर्ष नहीं करना पड़ा। वास्तव में, मैं अपने टेलीविजन करियर के शिखर पर थी। भले ही दुनिया मुझे विजेता के रूप में न देखे, लेकिन मेरी सबसे बड़ी व्यक्तिगत जीत मेरे शरीर में साल भर में आए बदलावों से मानसिक और शारीरिक रूप से उबरना था। एक्ट्रेस ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। 2018 में उन्हें फेमिना मिस मणिपुर का ताज पहनाया गया। इसके बाद वह बी प्राक के मस्तानी नामक एक संगीत वीडियो में नजर आईं, जिसने उन्हें शोबिज की दुनिया में कदम रखने में मदद की।

## इक्वाडोर को पेनल्टी में शूट कर अर्जेंटीना सेमीफाइनल में

ह्यूस्टन (अमेरिका), अर्जेंटीना ने इक्वाडोर को पेनल्टी शूट आउट में 4–2 से हराकर कोपा अमेरिका कप में लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

अर्जेंटीना का सेमीफाइनल में वेनेजुएला बनाम कनाडा मैच के विजेता से शुक्रवार को मुकाबला होगा जो 9 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा।

एनआरजी स्टेडियम पर मौजूदा चैंपियन के कब्जे के बावजूद, इक्वाडोर अधिक खतरनाक था, मैच के पहले तीन शॉट्स में, जिसमें सरमिएंटो शॉट पर एमिलियानो मार्टिनेज द्वारा महत्वपूर्ण बचाव भी शामिल था।

# पंकज आडवाणी एशियाई बिलियर्ड्स के फाइनल में

रियाद, भारत के शीर्ष क्यूइस्ट पंकज आडवाणी ने क्वार्टरफाइनल में हमवतन श्रीकृष्ण सूर्यनारायणन को 5–0 से और सेमीफाइनल में सौरव कोठरी को 5–0 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया है। सूर्यनारायणन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में, पंकज ने अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। उनका प्रभुत्व स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने लगातार अपने प्रतिद्वंद्वी को सटीकता और चालाकी से हराया।शुरुआती फ्रेम ने माहौल तैयार कर दिया, जिसमें पंकज ने 100 का स्कोर बनाया, जबकि श्रीकृष्ण ने कड़ी चुनौती पेश करते हुए 78 का ब्रेक हासिल किया। हालांकि, पंकज की बेहतर ब्रेक–बिल्डिंग क्षमता ने उन्हें बढ़त दिलाई और पहले फ्रेम में जीत हासिल की। दूसरे फ्रेम में उनका कौशल और अधिक स्पष्ट हो गया, जहां उन्होंने श्रीकृष्ण के 26 की तुलना में 100 अंक और बनाए। तीसरे फ्रेम में पंकज ने 102 के ब्रेक के साथ अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखा। श्रीकृष्ण केवल 32 का स्कोर बनाने में सफल रहे। इसके बाद उन्होंने अपने कुशल स्कोरिंग के साथ श्रीकृष्ण को दूर रखने के लिए अभूतपूर्व ब्रेक बनाए। पंकज ने 101 के एक और ब्रेक के साथ मैच समाप्त किया, जबकि श्रीकृष्ण ने 2 अंक बनाए। सौरव के खिलाफ सेमीफ़ाइनल मैच में, पंकज एक उल्लेखनीय मैच में लगातार पाँच फ्रेमों में अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी रहे। तालिका में उनकी महारत स्पष्ट थी क्योंकि उन्होंने प्रत्येक फ्रेम में 100 का स्कोर बनाया था। मैच की शुरुआत में पंकज ने तेजी से नियंत्रण हासिल करते हुए 100 अंक बनाए, जबकि सौरव अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद 29 अंक बनाने में सफल रहे, लेकिन पंकज के तेज खेल की बराबरी करने में असमर्थ रहे।दूसरे फ्रेम में पंकज ने अपनी गति जारी रखी और एक और 100 का स्कोर बनाया। सौरव ने अपने प्रदर्शन में थोड़ा सुधार किया और 33 का स्कोर बनाया। अगले तीन फ्रेम में पंकज का कौशल पूरे प्रदर्शन पर था क्योंकि उन्होंने सौरव के 38, 21 और 0 की तुलना में 101, 100 और 100 का स्कोर बनाया।

## एक नजर

### पीएम आवास के 30 लाभार्थियों को बांटे आवंटन पत्र

नई टिहरी : प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चयनित टिहरी जिले के 70 में से 30 लाभार्थियों को आवंटन पत्र बांटे गए। इन लाभार्थियों को हरिद्वार स्थित झब्बरपुर में यह आवास दिए जाएंगे। आवंटन पत्र मिलने पर लाभार्थियों ने सरकार का आभार जताया है। शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल, इंजीनियर्स पार्टनर घनश्याम तिवारी, भक्ति प्रसाद सकलानी और शिव सिंह सजवाण ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवंटन पत्र दिए। ईओ ने कहा कि जिले में कुल 70 लोगों ने पीएम आवास के लिए आवेदन किए थे। पहले दिन 30 लाभार्थियों को आवंटन पत्र जारी किए गए। कहा कि इस योजना के तहत ऐसे लोग जिनके पास कहीं भी भूमि व भवन नहीं और उनकी सलाना आय 3 लाख से नीचे है। उन्हें सस्ती दरों पर हरिद्वार के झब्बरपुर में विकसित की गई टाउनशिप में करीब 3 लाख रूपये में 1 बीएचके का आवास दिया जाएगा। टाउनशिप का कार्य अंतिम चरण में है। दिसंबर से मार्च 2025 तक लाभार्थियों को आवास हैंडओवर किए जाएंगे। आवंटन पत्र मिलने पर लाभार्थियों ने कहा कि सस्ते दामों पर हरिद्वार जैसे स्थान पर उन्हें घर मिलेगा। उन्होंने पीएम मोदी सहित केंद्र और राज्य सरकार का आभार जताया। इस मौके पर अंजू ध्यानी, ऋतु राणा, नीलू विश्वकर्मा, प्रेमदत्त, राजपाल सिंह, सविता, दीपक, रिंकुल कुमार, प्रदीप, रीतू थपलियाल, अनिशा, रेशमा, सोनी, उजला देवी, प्रदीप सेमवाल, लक्ष्मी देवी, नेहा रानी, जोंतरा देवी, विनोद प्रसाद, पुष्पा, सरिता आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### वार्षिकोत्सव में बिखेरी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा

नई टिहरी : प्रतापनगर ब्लॉक की भदूरा पट्टी के पीएमश्री स्कूल केंद्रीय विद्यालय सौड़खांड़ के वार्षिकोत्सव में शुक्रवार को छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरी। उन्होंने गढ़वाली, जौनसारी और हिंदी गीतों की प्रस्तुति पर अभिभावकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान शिक्षा के साथ ही अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग करने वाले उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को केवि सौड़खांड़ के वार्षिकोत्सव का राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार, जीआईसी गलियाखेत के प्रधानाचार्य दिवाकर पैन्युली, ग्राम प्रधान चंद्रशेखर पैन्यूली और लंबगांव व्यापार मंडल अध्यक्ष युद्धवीर सिंह राणा ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि केवि में न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापरक शिक्षा मिल रही है। भदूरा ही नहीं बल्कि पूरे प्रतापनगर क्षेत्र को इस स्कूल का लाभ मिल रहा है। प्राचार्य वेद प्रकाश ने स्कूल की प्रगति आख्या और भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने मां शारदे सरस्वती से कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके बाद एक्शन गीत और गुजराती नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

### जेल में हुई मौत की एसआईटी जांच की उठाई मांग

नई टिहरी : जाखणीधार की ब्लाक प्रमुख सुनीता देवी ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को स्थानीय युवक की देहरादून कारागार में हुई मौत की जांच के मामले में ज्ञापन प्रेषित किया है। मांग की है कि युवक की मौत की एसआईटी जांच करवाने के साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाय। जाखणीधार की प्रमुख सुनीता ने देवी ने सीएम को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि ब्लाक जाखणीधार के ग्राम पंचायत मंदार निवासी 39 वर्षीय रणवीर सिंह पुत्र सरोप सिंह, जो कि ऋषिकेश में विश्वनाथ सेवा में परिचालक था, को पुलिस स्कूटी चोरी के आरोप में बीती 22 जून को सांय 5 बजे साथ ले गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने युवक की बेरहमी से गंभीर पिटाई की। 23 जून को जब युवक की पत्नी रीता देवी रणवीर से मिलने गई तो रणवीर को शरीर पर गंभीर चोटें थी। पत्नी को रणवीर ने बताया कि पुलिस उसके साथ लगातार मारपीट कर रही है।

### बदरीनाथ में रिकार्ड वोटों से दर्ज होगी जीत : रेखा

चमोली : जोशीमठ में भाजपा ने महिला सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं से उप चुनावों में अधिक से अधिक मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने की अपील की। सम्मेलन में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि वर्तमान युग मातृ शक्ति का युग है व इस विधानसभा चुनावों में भी महिलाएं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका भाजपा के पक्ष में निभाने जा रही हैं। रेखा आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के स्वर्णिम काल में देश ने हर क्षेत्र में बुलंदियों को छुआ है जिस कारण भारी तादात में अन्य दलों के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली है व यह क्रम अभी भी जारी है।

# शोपीस बन गई लाखों की स्ट्रीट लाइट, वर्षाकाल में बढ़ी परेशानी

### शाम ढलते ही वार्डों में चारों ओर छा जाता है भयंकर अंधेरा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : 'चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात' यह स्थिति इन दिनों नगर निगम की ओर से शहर में लगाई गई स्ट्रीट लाइटों की बनी हुई है। कुछ दिन रोशनी फैलाने के बाद वार्डों में अधिकांश स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। ऐसे में वर्षाकाल में सबसे अधिक परेशानी बन रही है। दरसल, बरसात में सांप व अन्य जीव अपने बिल से निकलकर मार्ग पर आ जाते हैं। जिससे जान का खतरा बना रहता है। वहीं, नदी नालों के किनारे स्ट्रीट लाइट खराब होने से पानी के वेग का पता नहीं चल पाता। कुछ समय पूर्व नगर निगम ने करीब बीस लाख की लागत से क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाई थी। लेकिन, वर्तमान


कोटद्वार में बदरीनाथ मार्ग में लगी स्ट्रीट लाइट

में अधिकांश स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। नतीजा, सूरज ढलते ही वार्डों में अंधेरा छा जाता है। भाबर निवासी मुन्नी देवी, पुष्पा देवी ने बताया कि वर्षाकाल के समय सांप, बिच्छू सहित अन्य जीवों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में सड़कों में अंधेरा छाने से राह चलते लोगों को खतरा बना रहता है। वहीं, नदी व नालों के आसपास भी स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। जबकि, वर्षाकाल के दौरान इन स्ट्रीट लाइटों की स्थिति बेहतर होनी चाहिए थी, जिससे नदी का वेग बढ़ने पर परिवार सुरक्षित स्थानों पर जा सकें।

#### पनियाली गदेरे के आसपास लगाई जाएं स्ट्रीट लाइट

वर्षाकाल में अचानक विकराल बनकर बह रही नदी नालों से सबसे अधिक नुकसान होता है। ऐसे में नदी नालों के वेग का पता चल सके इसके लिए कौड़िया वासियों ने पनियाली गदेरे के आसपास स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है। कहा कि अंधेरे में गदेरे में पानी बढ़ने का अंदाजा लोगों को नहीं हो पाया था। जिससे उनके घरों में मलबा घुसने के कारण भारी नुकसान हुआ था। बताया कि वर्षाकाल के दौरान व्यवस्थाएं बेहतर बनी रहे। इसके लिए पनियाली गदेरे के आसपास स्ट्रीट लाइट लगाई जानी चाहिए।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप, मुकदमा दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : क्षेत्र की एक युवती ने उत्तर प्रदेश निवासी एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। बताया कि युवक उससे गाली-गलौच व जान से मारने की भी धमकी दे रहा है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में युवती ने बताया कि आठ वर्ष पूर्व उसकी मित्रता जनपद बिजनौर के अंतर्गत ग्राम नागल सोती निवासी अंकित से हुई। बताया कि अंकित ने उससे शादी का वायदा किया और शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। बताया कि अब अंकित किसी अन्य युवती से विवाह कर रहा है।

जब उसने इस बात पर ऐतराज जताया तो अंकित व उसके पिता ने उससे गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वरिष्ठ पुलिस उपनिरीक्षक जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि आरोपित ने युवती को बताया कि वह सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत है। बताया कि दी गई तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है।

## गश्त के दौरान वन कर्मियों को मिला मादा बाघ का शव

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : वनकर्मियों ने गश्त के दौरान जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत कालागढ़ रेंज में धारा ब्लॉक, धारा बीट कक्ष संख्या 12 से एक मादा बाघ का शव बरामद किया है। वन अधिकारियों ने जांच के लिए सैंपल आईवीआरआई इज्जतनगर बरेली भेजे हैं।जानकारी के मुताबिक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज के धारा क्षेत्र में बुधवार को वनकर्मी रूटीन गश्त कर रहे थे। इसी बीच धारा बीट कक्ष संख्या 12 में मादा बाघ का शव मिला। वनाधिकारियों ने बताया कि बाघ की उम्र नौ वर्ष थी।

कालागढ़ रेंज में डॉ. दुष्यंत शर्मा, डॉ. राहुल सती आदि पशु चिकित्साधिकारियों की टीम के पैनल ने बाघ के शव का पोस्टमार्टम किया। डॉक्टरों ने प्रथम दृष्टया बाघिन की मौत की वजह प्राकृतिक बताई है। बाघ के अंगों के सैम्पल को परीक्षण के लिए आईवीआरआई इज्जतनगर बरेली भेज दिया गया है। बाघिन के शव को जलाकर नष्ट कर दिया गया। इस दौरान कार्बेट टाइगर रिजर्व के उप निदेशक दिगन्थ नायक, एसडीओ कालागढ़ डॉ. शालिनी जोशी, कालागढ़ वन क्षेत्राधिकारी आकाश गंगवार, कुन्दन सिंह खाती, एनटीसीए द्वारा नामित सदस्य एजी अन्सारी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के मनोज सती, महेश चन्द्र जोशी, आदि रहे।

### चोरी की मोटर साइकिलों के साथ नाबालिग गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : दुर्गापुरी व निंबूचौड़ में हुई बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। नाबालिग चोरी की मोटर साइकिल बीईएल रोड स्थित एक बंद पड़ी फैक्ट्री में खड़ी कर देते थे। कुछ दिन पूर्व दुर्गापुरी निवासी राकेश सिंह रावत व निंबूचौड़ निवासी राजेश भट्ट की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनके घर के समीप खड़ी उनकी मोटर साइकिल चोरी हो गई है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों में तीन युवक मोटर साइकिल चोरी करते हुए नजर आए। अलग-अलग स्थानों के सीसीटीवी कैमरे चैक करने पर पुलिस ने तीनों नाबालिगों को बीईएल रोड स्थित बंद पड़ी सरिया फैक्ट्री से चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया। फैक्ट्री से पुलिस को एक मोटर साइकिल का इंजन भी बरामद हुआ। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि नाबालिगों के अभिभावकों से संपर्क कर उनकी कांउसलिंग करवाई गई है।

### कैरम प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

नई टिहरी : संगम क्लब रानीचौरी की तीन दिवसीय कैरम प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि अनुसुया प्रसाद नौटियाल व विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता वानिकी विद्यालय रानीचौरी डॉ. अरविंद बिजवान व वरिष्ठ भाजपा नेता खेम सिंह चौहान ने विजेताओं को बधाई दी।

शुक्रवार को कैरम प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों में विजय मखलोगा, अनिल रावत, सत्यपाल सिंह रावत सहित अन्यों को मोमेंटो नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि नौटियाल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन जरूरी है। कैरम प्रतियोगिता संतुलन व डेडिकेशन का गेम है। जिससे आत्मविश्वश्वास बढ़ता है।

## सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोप, बाहरी लोगों को बेची जा रही भूमि

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 31 पदमपुर मोटाढांक के लोगों ने एक समुदाय के लोगों पर सरकारी भूमि कब्जाने का आरोप लगाया है। बताया कि उक्त भूमि को बाहरी लोगों को बेचा जा रहा है। ऐसे में क्षेत्र का माहौल खराब होने का खतरा बना हुआ है। पुलिस व प्रशासन को मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। कोटद्वार तहसील में पहुंचे लोगों ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। कहा कि उमरावनगर कालोनी में स्थित सरकारी भूमि पर कुछ व्यक्तियों ने अतिक्रमण कर दिया है। यही नहीं, यह व्यक्ति लगातार भूमि बाहरी राज्यों के परिवारों को बेच रहा है। कहा कि कुछ लोगों की जमीन का हिस्सा बेच भी दिया गया है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। यह


कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन देते उमरावनगर क्षेत्र के लोग

लोग कौन हैं और कहां से आए हैं, इस बारे में भी किसी को कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में यदि क्षेत्र में कोई आपराधिक घटना होती है तो पुलिस के हाथ खाली ही रहेंगे। कहा कि पुलिस व प्रशासन को पूरे मामले की जांच कर सरकारी भूमि कब्जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर पूर्व पार्षद सौरभ नौटियाल, मोहन सिंह गौड़, रविंद्र रावत, राधा बलोदी, सुषमा रावत, रूपा देवी, बबीता नौटियाल, अमित सिंह रावत, आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

### बारिश से रुद्रप्रयाग में जन जीवन अस्त व्यस्त

रुद्रप्रयाग : गुरुवार रात से हो रही बारिश के चलते जनपद में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अलकनंदा और मंदाकिनी का जल स्तर भी बढ़ गया है। हालांकि दोनों नदियां खतरे के निशान से 3 मीटर नीचे बह रही है। वहीं बारिश से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली 15 सड़कें बंद हो गई है जिनको खोलने का काम जारी है। दो दिनों से जनपद में हो रही बारिश से कई जगहों पर दिक्कतें पेश कर दी है।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मुन्नी देवी से बदलकर मोहनी बंदूनी पत्नी कमलेश्वर प्रसाद कर लिया है। अतः मुझे मोहनी बंदूनी पत्नी कमलेश्वर प्रसाद के नाम से लिखा/पढ़ा व जाना जाएं। मुन्नी देवी व मोहिनी बंदूनी एक ही महिला है।

**मोहनी बंदूनी पत्नी कमलेश्वर प्रसाद**
**निवासी ग्राम पांड, पोस्ट पांड**
**पोखड़ा, जिला पौड़ी गढ़वाल,**
**उत्तराखण्ड।**

### उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी**

मुरादाबाद मंडल के बरेली, मुरादाबाद हरिद्वार एवं देहरादून स्टेशन पर **"Contract for the work of provision of Parcel Scanner Machine for scanning of all outgoing parcels at parcel office."** 05 साल हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 22.07.2024 (समय 10.30 am) को बोली **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

2052/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पे एण्ड यूज़ टॉयलेट, वाणिज्य विज्ञापन, एवं ट्रेन साइड वेडिंग (ट्रेनों में मिस्क आइटम के बेचने हेतु) के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई–बोलियाँ **website: www.ireps.gov.in** पर दिनांक 19.07.2024 & 22.07.2024 को आमंत्रित की गयी है, और मंडल के हरिद्वार, देहरादून, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, हरदोई, रूरकी एवं बरेली रेलवे स्टेशनो के टिकेट काउंटर पर ड्यूल डिस्प्ले नॉन–इंटीग्रेटेड सिस्टम के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन हेतु खुली निविदा **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 26.07.2024 को आमंत्रित कि गयी है, जिसकी निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि 26.07.2024 है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/को.**

2035/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प


पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में बच्चों को वितरित की गई स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित पुस्तक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : स्वामी विवेकानंद की पुण्य तिथि पर पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने बेहतर समाज निर्माण के लिए स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अपने ओजस्वी विचारों से वैश्विक पटल पर मां भारती को गौरवावित करने वाले स्वामी विवेकानंद वेदांत के विख्याता और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म पर अपना व्याख्यान देकर भारतीय सनातन धर्म की धर्मध्वजा को लहराया। छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन सिद्धांतों को आत्मसात करके उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर साक्षी, अर्चना, अनुष्का, दिया, रीतिका, तनुजा, मीनाक्षी, रोनिका, खुशबू, आर्यन चौहान, अंकित पांथरी, लोकेश, सुजल, विश्वजीत, प्रयास रमोला आदि मौजूद रहे।

### सीनियर नर्सिंग आफिसर ने की जीवन लीला समाप्त

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर के अंतर्गत श्रीकोट गंगानाली में नागराजा मोहल्ले में किराये के कमरे में रह रहे एक सीनियर नर्सिंग आफिसर ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। कमरे से चार पन्नों का सुसाइड नोट भी मिला है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक होशियार सिंह पंखोली ने बताया कि श्रीकोट स्थित रिपोर्टिंग चौकी में बेस चिकित्सालय के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मेडिसिन विभाग के ज्ञानेंद्र शर्मा और ऑर्थो ओटी विभाग के यातमचंद्र ने श्रीकोट चौकी को बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे जब वह ऑफिस जाने के लिए अपने दोस्त को उठाने गए तो सर्जरी ओटी विभाग के इंचार्ज 46 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार शर्मा पुत्र बाबूलाल शर्मा ग्राम खिजूरी जिला करौली राजस्थान ने दरवाजा खटखटाने और आवाज लगाने पर भी दरवाजा नहीं खोला। कमरे के अंदर से कोई आवाज न सुनाई देने और अनहोनी को देखते हुए इसकी सूचना उन्होंने श्रीकोट चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे के दरवाजे को तोड़कर देखा कि सीनियर नर्सिंग आफिसर द्वारा कमरे में लोहे की खिड़की पर सफेद कपड़े पर फंदा लगाकर फांसी लगाई हुई थी। जिनको तत्काल मौके से 108 एम्बुलेंस की मदद से बेस अस्पताल श्रीकोट ले जाया गया।

## चार स्टेट हाईवे, दो मुख्य जिला मार्ग सहित 28 सड़के बंद

### सतपुली तहसील के देशयूं गांव में पेयजल स्रोत और सड़क मलबे में दबी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी और आस पास के क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण चार राज्य मार्ग, दो मुख्य जिला मार्ग सहित 28 सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हो गई। सड़कों पर जगह-जगह मलबा आ गया। हालांकि सड़कों को खोलने के लिए लोनिवि ने जेसीबी लगाई है। वहीं सतपुली तहसील के देशयूं गांव में मूसलाधार बारिश होने से गांव का पेयजल स्रोत और गांव को जोड़ने वाली रेतपुर-चाई सड़क मलबे से दब गई।

शुक्रवार को रुक-रुक कर बारिश होती रही। बारिश ने जहां आम जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा, वहीं जिले की दो दर्जन सड़कों पर यातायात बाधित रहा। बंद सड़कों में स्टेट हाईवे बुआखाल-पौड़ी-देवप्रयाग, देवप्रयाग-व्यासघाट, थलीसैंण बूंगीधार, कर्णप्रयाग नौटी सहित मुख्य जिला मार्ग सतपुली-दुधारखाल और सूगरखाल-ज्वाल्पा देवी सहित अन्य ग्रामीण सड़कें शामिल रही। लोक निर्माण विभाग ने बंद सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी लगाई है। उधर, जयहरीखाल ब्लॉक ग्रामसभा किमार के देशयूं गांव में गुरुवार रात मूसलाधार बारिश से गांव का जल स्रोत और सड़क मलबे से दब गया। स्थानीय निवासी जगदीश रौतेला और हरीश रावत ने बताया की आधा दर्जन गांवों को जोड़ने वाली सड़क बाधित हो गई।

प्राकृतिक जल स्रोत के जहां मलबे में दब गया वहीं पाइप लाइन भी बह गई है। मांग की है कि स्रोत का मलबा हटाते हुए पाइप लाइन का ठीक किया जाए। तहसीलदार सतपुली सुजान सिंह के मुताबिक सड़कों को जेसीब लगा कर खोला जा रहा है।

### गांव में बिजली का फाल्ट दूर करने की उठाई मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : दुगड्डा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम कस्याली, नालीखाल और महाबगढ़ सहित अन्य गांवों के लोगों ने बिजली लाइनों में लगातार आ रहे फाल्ट को ठीक करने की मांग की है। कहा कि फाल्ट के कारण अधिकांश गांवों में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।इस संबंध में पूर्व सांसद प्रतिनिधि चंडी प्रसाद कुकरेती के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोगों ने शुक्रवार को अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड नन्दिता अग्रवाल और उप खण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खण्ड रवि अरोड़ा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। लोगों ने कहा कि विद्युत सब स्टेशन कस्याली से लगभग 150 से भी अधिक गांव एक ही फीडर से संचालित हो रहे हैं। ऐसे में किसी भी गांव की विद्युत लाइन में फाल्ट आता है तो उस लाइन को दुरुस्त करने के लिए शट डाउन लेकर सारे क्षेत्रों की बिजली काट दी जाती है। जिससे क्षेत्रीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। समस्या के समाधान के लिए सब स्टेशन से गावों के लिए अलग–अलग फीडर बनाने चाहिए। ज्ञापन में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत जौरासी की ग्वाड़ तोक में विद्युत आपूर्त के लिए लगाये गये ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग भी की। इस पर दोनों अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में चन्द्र मोहन गौड़, संजय गौड़, मनोज गौड़, तोताराम रावत, विजय कुमार, दिनेश प्रसाद, हरि सिंह, संतोष कुमार, सुभाष कुमार और विकास रावत सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

### तहसीलों में आपदा कंट्रोल रूम स्थापित

नई टिहरी : मानसून सीजन को देखते हुए जनपद में डीएम मयूर दीक्षित के निर्देश पर शुक्रवार को समस्त तहसीलों में कन्ट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को कन्ट्रोल रूम के नम्बर आम जनमानस के बीच प्रसारित करने को कहा है, ताकि आपदा के समय सूचनाओं का त्वरित आदान–प्रदान हो सके। शुक्रवार को डीएम दीक्षित ने बरसात में सम्भावित आपदाओं के दृष्टिगत सड़क मार्ग, झील जल स्तर, सिंचाई नहर, पेयजल, विद्युत आदि व्यवस्थाओं पर लगातार नजर बनाये रखने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी आपदा व दुर्घटना की स्थिति में जिला स्तर के अधिकारियों को व्हाट्सऐप ग्रुप में तत्काल सूचनाओं का आदान–प्रदान करने के निर्देश दिये हैं, ताकि सभी विभाग समन्वय बनाकर तत्काल समस्याओं का समाधान कर सकें। किसी भी आपदा व दुर्घटना की स्थिति में किसी के भी द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र व आपदा नियंत्रण कक्ष के फोन नम्बर–01376–234793, 233433 टोल फ्री नंबर 01376–1077, मोबाइल नंबर 8126268098, 7465809009, 9456533332, 7983340807 पर सूचना दे सकते हैं। इसके साथ ही तहसील स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम के नम्बरों में मदननेगी व प्रतापनगर दूरभाष नम्बर 9258654564, बालगंगा और घनसाली 8267013524, गजा 8126194742, देवप्रयाग 01378–266004, कीर्तिनगर 01370–260045, नरेन्द्रनगर 8171431255, धनोल्टी 8273051016, नैनबाग 9119748516, जाखणीधार 9627961057, टिहरी 8445308195, पावकीदेवी 8077023387, कण्डीसौड़ 7037886114 पर सम्पर्क कर आम जनमानस आपदा व दुर्घटनाओं की जानकारी दे सकता है। (एजेंसी)


### NOTICE

That My daughter's Ishmita Rawat passed 10th Class in our School, whose Unique ID No. 8134488.That My daughter's 10th Mark sheet and Certificate her mother name is mentioned SHAKUNTALA DEVI and her father name is mentioned PRATAP SINGH RAWAT, Whereas her mother real and correct name is SHAKUNTALA and her father real and correct name is PRATAP SINGH. That amend the real & correct name of her mother SHAKUNTALA and her father real and correct name is PRATAP SINGH in her 10th Mark sheet and Certificate.

**Shakuntala w/o Shri Pratap Singh R/o vill.-Shibbunagar, Shiv Singh Colony, Tehsil Kotdwara, Distt. Pauri Garhwal, Uttarakhand.**
**(0250/21)**

## कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
## उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः- 2468/18ए0सी0 | दिनांकः- 28/06/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 10/07/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 06/07/2024 से 09/07/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 10/07/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :-

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा। 3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4- अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड दुगड्डा के मुख्यालय कोटद्वार में मालन नदी के downstream में बने diversion मार्ग की मरम्मत एवं यातायात खोलने हेतु (हल्दूखाता की ओर से) supply of excavator जैसे poclain, द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-कोटद्वार) | 46,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 2 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड दुगड्डा के मुख्यालय कोटद्वार में मालन नदी के downstream में बने diversion मार्ग की मरम्मत एवं यातायात खोलने हेतु supply of excavator cum back hoe loader tyre mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-कोटद्वार) | 33,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदा दिनांक 11/07/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**दुगड्डा (गढ़वाल)**

## एक नजर

### बीएड विशेष शिक्षा के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

देहरादून। राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान ने शैक्षणिक सत्र 2024–2026 के लिए बीएड, एमएड और एमए सोशल वर्क पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। तीनों ही पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद भारत सरकार से मान्यता प्राप्त हैं। प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 26 जुलाई रखी गई है। देहरादून स्थित संस्थान में बीएड विशेष शिक्षा (दृष्टिबाधिता/बहुविकलांगता) एम.एड. (दृष्टिबाधिता) और मास्टर ऑफ सोशल वर्क पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। जो दो वर्षीय पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम हैं। इन पाठ्यक्रमों को करने के बाद सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान की ओर से संचालित विशेष एवं समावेशी विद्यालयों में दृष्टि दिव्यांग और बहु विकलांग बच्चों को पढ़ाने के लिए सक्षम बन पाएंगे। इन पाठ्यक्रम के लिए संस्थान की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा चार अगस्त हो होगी।

### चीमा के बयान पर कांग्रेस ने साधा निशाना

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा पर महिला विरोधी बयान देने का आरोप लगाया है। दसौनी ने शुक्रवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चीमा ने भाजपा की सोच उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन चीमा इसके लिए महिलाओं के पहनावे को दोषी दे रहे हैं। उन्होंन कहा कि इसकी क्या गारंटी है की ऊपर से नीचे तक ढकी हुई महिला के साथ कोई अपराध नहीं होगा। उन्होंने कहा कि चीमा को इसके लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराना चाहिए। लेकिन वो अपनी सरकार की नाकामी को छिपाने के लिए महिलाओं के कपड़ों को निशाना बना रहे हैं।

### 7 जुलाई को दून में पर्यावरण आंदोलन पदयात्रा

देहरादून। विभिन्न योजनाओं में पेड़ों के कटान के विरोध में कई सामाजिक संगठन, पर्यावरण प्रेमी 07 जुलाई को देहरादून में एक बार फिर पदयात्रा निकालेंगे। उत्तराखंड प्रेस क्लब में शुक्रवार के हुई प्रेसवार्ता में पर्यावरणविद् डा. रवि चोपड़ा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 23 जून को पर्यावरण बचाओ आंदोलन पदयात्रा में हजारों नागरिकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद सरकार ने देहरादून में कैंट रोड के 200 से अधिक पेड़ों की कटाई के आदेश वापस ले लिया था। लेकिन इसके बाद सरकार ने दूसरी परियोजनाओं की घोषणा की। जिनमें हवाई अड्डे का विस्तार, मसूरी तक रेलवे लाइन, आशारोड़ी से झाझरा और झाझरा से मसूरी के लिए साल और बांझ के जंगलों के बीच से नया फोर लेन राजमार्ग, लाडपुर में पेड़ों को चिह्नित करना और कैनाल रोड पर पेड़ों पर निशान लगाना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि संगठनों की ओर से इसी के विरोध में दोबारा पदयात्रा निकाली जा रही है। पदयात्रा सात जुलाई को सुबह सात बजे एनआईवीएच के पिछले गेट से शुरू होकर कैनाल रोड तक जाएगी। मौके पर इरा चौहान, लोकेश ओहरी, तन्मय ममगाईं, नितिन मलेठा आदि मौजूद थे।

### जल संस्थान में ठेका कर्मचारी विभाग में हो समायोजित

देहरादून। उत्तराखंड जल संस्थान एवं पेयजल निगम संयुक्त मोर्चे ने ठेका कर्मचारी ने ठेका कर्मचारियों को विभाग में समायोजित किए जाने की मांग की। मोर्चा पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सीजीएम जल संस्थान नीलिमा गर्ग से मिल कर अपना पक्ष रखा। कहा कि पेयजल के राजकीयकरण और राजकीयकरण होने तक ट्रेजरी से वेतन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जल भवन नेहरू कालोनी में सीजीएम से मुलाकात में संयोजक रमेश बिंजौला ने कहा कि विभाग में लंबे समय से ठेका कर्मचारी काम कर रहे हैं। पूरे पेयजल सप्लाई सिस्टम का भार इन्हीं के ऊपर है। इसके बावजूद इन्हें इनका वाजिब हक नहीं मिल रहा है। श्रम मानकों के अनुरूप वेतन नहीं मिल रहा है। ठेकेदार इनके वेतन से कटौती कर भुगतान करते हैं। सीधे इनके खाते में भुगतान की व्यवस्था की जाए। इन्हें विभाग में समायोजित करते हुए समान काम का समान वेतन दिया जाए। हर महीने 25 हजार रुपये का भुगतान किया जाए। कहा कि इसके साथ ही मोर्चे की सबसे अहम मांग पेयजल के राजकीयकरण में तेजी लाई जाए। राजकीयकरण होने तक कर्मचारियों, पेंशनर्स का वेतन, पेंशन का भुगतान ट्रेजरी से सुनिश्चित कराया जाए। इस सम्बन्ध में मोर्चे की शासन समेत मुख्यमंत्री से भी वार्ता हो चुकी है। सभी जगह से जल्द कार्रवाई का आश्वासन मिला है।

# सीडीओ कमठान ने ली मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक



देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने अपने कार्यालय कक्ष मा० मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना वर्ष 2024–25 के जनपद में क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए खेल प्रतिस्पर्धाओं में स्कूली बच्चों का प्रतिभाग कराने हेतु सम्बन्धित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित करते हुए योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित किया किया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सम्बन्धित विभागों से समन्वय करते हुए रूपरेखा के अनुरूप कार्यक्रम संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने अपर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के कार्यक्रम स्थलों पर चिकित्सक, एम्बुलेंस आदि व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिएं।

मा० मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के 8 वर्ष से 14 वर्ष तक (08 से 09 वर्ष, 09 से 10 वर्ष, 10 से 11 वर्ष, 11 से 12 वर्ष, 12 से 13 वर्ष एवं 13 से 14 वर्ष) आयु के प्रत्येक आयु वर्ग से 25 बालक एवं 25 बालिका खिलाड़ी इस प्रकार 300 उदीयमान खिलाड़ियों (150 बालक एवं 150 बालिकाओं) को रू० 1500/– प्रतिमाह / प्रति सदस्य की दर से छात्रवृत्ति के रूप में दिये जाने हेतु विभिन्न स्तरों में आयोजित होने वाले चयन ट्रायल्स की निर्धारित किए गए हैं।

### नर्सिंग में फर्जी तरीके से भर्ती होने की कोशिश करने वालों पर हो कार्रवाई

देहरादून। उत्तराखंड नर्सिंग महासंघ ने नर्सिंग अधिकारी की भर्ती में फर्जी तरीके से प्रवेश पाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्वास्थ्य महानिदेशक डा. तारा आर्य से मुलाकात महासंघ ने कार्रवाई की मांग की। कहा कि भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वालों के प्रमाण पत्रों की गहन जांच की जाए।

गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य महानिदेशालय में मुलाकात के दौरान महासंघ अध्यक्ष हर्ष व्यास ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के 1455 पदों पर नर्सिंग अधिकारी की भर्ती चल रही है।

भर्ती मे कुछ ऐसे लोग भी शामिल हो रहे हैं, जिनका चयन एक बार स्वास्थ्य विभाग में हो चुका है। वही लोग अब दोबारा चिकित्सा शिक्षा विभाग में आवेदन कर रहे हैं। बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जो अन्य राज्य के हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार को तय समय के भीतर काम करें अफसर : सुरेश भट्ट

देहरादून। स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद् के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार को अफसरों को समयबद्ध तरीके से काम करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा को लेकर कहा कि राज्य के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों और आने वाली चुनौतियों की समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष भट्ट ने राज्य के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने को और अधिक समर्पण और सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से समयबद्ध तरीके से कार्य करने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार को सतत प्रयास करने की अपील की। कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कोई भी कमी नहीं आने देगी। सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएगी। बैठक में मानसून के लिहाज से अधिकारियों को जल जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण को काम करने के निर्देश दिए। कहा कि राज्य में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे रोगों की रोकथाम को व्यापक अभियान प्रदेश भर में चलाया जाए। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण अभियान, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति और उनकी सुधार की योजना का ब्यौरा सामने रखा गया।

# विवाहिता की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

देहरादून। श्रीनगर में एक 34 वर्षीय विवाहिता रीता की मौत के मामले में मृतका के परिजनों ने महिला आयोग में शिकायत की है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने एसपी पौड़ी से फोन पर बात करते हुए आरोपी को कस्टडी में लेने के निर्देश दिए हैं। शिकायत में मृतका के परिजनों ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को बताया कि उनकी पुत्री का विवाह 2012 को ग्राम ओडियारी, पो० काण्डाखाल जिला पौडी गढ़वाल निवासी राजेश कुमार के साथ हुआ था। राजेश कुमार उनकी बेटी व तीन बच्चों के साथ नागेश्वर गली श्रीनगर में किराये पर रहता है। राजेश कुमार शादी के कुछ समय से ही उनकी पुत्री से अक्सर शराब पीकर मारपीट करता था और पैसो की मांग करता था। शराब पीने के कारण वह कई बार अपनी ड्यूटी पर भी नही जाता था। जिससे परिवार को पैसों की तंगी रहती थी। वह अक्सर शराब पीने के लिए उनकी बेटी से पैसे मांगता था। पैसे न देने पर मारपीट करता था। काण्डाखाल में रहने के दौरान भी राजेश ऐसा ही करता था, जिसमें उसके परिवार के लोग भी साथ देते थे। बीते 30 जून की रात लगभग 11:38 बजे उनकी तीसरे नम्बर की लडकी ने राजेश के मोबाइल पर अपनी बहन से वीडियो कॉल पर बात करने के लिए कॉल की, पर उसे वीडियो कॉल में अपनी बहन अचेत अवस्था में लेटी दिखाई दी। जिसके बाद अगले दिन 01 जुलाई को प्रातः श्रीनगर आने पर ज्ञात हुआ कि उनकी बेटी की मृत्यु हो चुकी है। मृतका के शरीर को श्रीकोट बेस अस्पताल की मोर्चरी में रखा है।

### पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

देहरादून। स्वाशक्ति जागरण समिति ने पश्चिम बंगाल में महिला की पिटाई की घटना की निंदा की। समिति जुड़ी महिलाओं ने शुक्रवार को लैंसडाउन चौक पर पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं की स्थिति दिन–ब–दिन खराब होती जा रही है। यह गंभीर चिंता का विषय है, ऐसा लगता है कि कानून व्यवस्था महज शब्द कोषों तक ही सीमित होकर रह गयी है। निदोष नागरिक, विशेषकर महिलाओं का शोषण और दर्दनाक उत्पीड़न पूरी तरह से निंदनीय है। महिलाओं ने डीएम के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री को ज्ञापन भेजकर इस मामले का संज्ञान लेने की मांग की है। इस मौके पर रीता गोयल, संगीता चड्ढा, डॉ. बबीता सहोत्रा, शारदा त्रिपाठी, प्रीति सेठी, सुमन साहनी, सरोजनी, सुभाषिनी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने लिया जलभराव के दृष्टिगत शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते हुए जल निकासी का जायजा



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने आज तेज वर्षा के दौरान जलभराव के दृष्टिगत शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते हुए जल निकासी का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने आज प्रिंस चौक, रेलवेस्टेशन लक्खीबाग, सहारनपुर चौक, कारगी चौक,शाहनगर प्रगतिविहार हरिद्वार बाईपास रोड, रिस्पना पुल, नेहरूकालोनी गुरूद्वारा के समीप, आराघर, सर्वे चौक, बुद्धा चौक का निरीक्षण करते हुए जल निकासी व्यवस्था देखी। प्रत्येक स्थल पर पानी की निकासी एवं कार्य का अवलोकन करते हुए मौके पर से ही, अधिकारियों को फोटो भेजकर तत्काल कार्य कराने के आवश्यक दिशा– निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान प्रिंस चौक, सहारनपुर चौक पर जल एकित्रत होने पर सम्बन्धित नगर निगम, लोनिवि के अधिकारियों को ड्रेनज ठीक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी गांधी रोड लक्खीबाग में विद्युत ट्रांस्फार्मर के समीप के पास अधिक पानी बहने पर विद्युत विभाग को सुरक्षा के दृष्टिगत जांच करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लोगों से बात कर जलभराव की स्थिति जानी शाहनगर प्रगतिविहार हरिद्वार बाईपास रोड में जलभराव होने पर नगर निगम के अधिकारियों को मोके पर जाकर पानी की निकासी हेतु सुलभ व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए।

# गुरु अनूप की मेहनत से पेरिस ओलंपिक में चमकेगा उत्तराखंड का 'सूरज'



पिथौरागढ़ । पेरिस ओलंपिक के लिए वॉक रेस में उत्तराखंड से सूरज पंवार का चयन हुआ है। सूरज की इस सफलता के पीछे उनके गुरु जिला खेल अधिकारी पिथौरागढ़ अनूप बिष्ट का सबसे बड़ा हाथ है। देवभूमि उत्तराखंड द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित अनूप बिष्ट प्रदेश का दूसरा ओलंपियन वॉक रेसर देने वाले एकमात्र कोच बन गए हैं। इससे पहले मनीष रावत ने रियो ओलंपिक में प्रतिभाग किया था। सूरज पंवार का नाम एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की पेरिस ओलंपिक के खिलाड़ियों की सूची में आने की सबसे बड़ी खुशी गुरु अनूप बिष्ट को मिली है। मूल रूप से टिहरी निवासी सूरज पंवार मौजूदा समय में देहरादून के कारबारी ग्रांट क्षेत्र में रहते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखने वाले सूरज की खेल की शुरुआत भी दूसरों के जूतों से हुई थी। सूरज की लगन को देखते हुए साल 2015 में शिक्षा विभाग में कार्यरत रवि रावत ने तत्कालीन समय में एथलेटिक्स कोच अनूप बिष्ट से ट्रेनिंग देने की गुजारिश की। 16 साल की उम्र में नवंबर 2016 से सूरज की कोचिंग अनूप बिष्ट ने शुरू कराई। अनूप बिष्ट ने बताया वॉक रेस से पहले सूरज 600 मीटर की दौड़ में प्रतिभाग करता था। इसलिए वॉक रेस के लिए तैयार करने के लिए सूरज की स्किल को पूरी तरह से बदलना पड़ा। सूरज में लगन थी और उन्होंने उसकी हर तरह से मदद की। 2016 में सूरज ने अंडर–16 जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में पहला स्वर्ण जीता था। वहीं 2018 के यूथ ओलंपिक में रजत पदक जीतकर सूरज ने अपना दम दिखाया था।

**रायपुर के जंगलों में बढ़ाई सूरज की रफ्तार**

कोरोना संक्रमण के कारण देश में खेल गतिविधियां भी बंद हो गई थीं। शुरुआती तीन महीने तक सूरज घर पर ही रहे। मगर इससे उनकी ट्रेनिंग पर असर पड़ने लगा।

### डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग

ऋषिकेश । ऋषिकेश नगर में विभिन्न क्षेत्रों में डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है। इसको लेकर शुक्रवार को ऋषिकेश ट्रैकर कमांडर सूमो एसोसिएशन ने कोतवाली पुलिस को ज्ञापन भी दिया।शुक्रवार को ऋषिकेश ट्रैकर कमांडर सूमो एसोसिएशन के सदस्यों ने ऋषिकेश कोतवाली में पहुंचकर ज्ञापन दिया। अध्यक्ष बलवीर सिंह नेगी ने कहा कि एसोसिएशन से जुड़े वाहन द्वारा लंबे समय से नटराज चौक से कई क्षेत्रों के लिए अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

वर्तमान में विभिन्न जगहों के वाहन जो किसी भी एसोसिएशन से जुड़े नहीं है, वे नगर में विभिन्न जगहों से डग्गामारी कर रहे हैं। ऐसे में एसोसिएशन से जुड़े मोटर मालिकों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा बाहर से क्षेत्र में डग्गामारी करने वाले वाहनों की वजह से जगह–जगह जाम की स्थिति बन रही है।

# युवती से रिश्ता तुड़वाने को लेकर झोंका था मंगेतर पर फायर

रुड़की। युवती की शादी कहीं और तय होने से नाराज युवक ने युवती के मंगेतर पर फायर झोंक दिया। मंगेतर के पैर में गोली लगने से वहं गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार चार दिन पूर्व बालेकी श्मशान घाट के पास दो युवकों ने अमरपुर काजी निवासी 20 वर्षीय तुषार उर्फ गौरव के ऊपर फायर झोंक दिया था। तुषार शादी की तैयारी में लगा हुआ था और जरूरी सामान लेकर घर जा रहा था। ऐसे में दो अज्ञात युवकों ने उसके पैर में गोली मार कर उसे घायल कर दिया था। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही परिजन जसवंत सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू की थी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज आदि की मदद से आरोपियों को चिन्हित किया और सहारनपुर रेलवे रोड स्थित एक होटल से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और 315 बोर के एक तमंचे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने अपना नाम अभिषेक पुत्र आजाद निवासी ग्राम चेहड़ी थाना रामपुर मनिहारान सहारनपुर तथा अभिषेक पुत्र अजब सिंह निवासी ग्राम बुड्ढाखेड़ा गुर्जर, थाना रामपुर मनिहारान बताया है। अभिषेक पुत्र आजाद ने बताया कि तुषार कि जिस लड़की से शादी तय हुई है वह उस लड़की से प्रेम करता है। उसकी शादी तय होने से नाराज अभिषेक ने तुषार पर जानलेवा हमला किया था। बताया की शादी की तैयारी में लगे तुषार पर तमंचे से फायर कर उसे घायल किया था।

# पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी

ऋषिकेश(आरएनएस)। हैप्पी होम मांटेसरी स्कूल में वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया। जिसमें वन कर्मियों और विद्यालय परिसर के सदस्यों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे। इस दौरान वक्ताओं ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। शुक्रवार को खदरी श्यामपुर स्थित हैप्पी होम मोंटेसरी स्कूल में वन महोत्सव सप्ताह के तहत पौधरोपण कार्यक्रम हुआ, जिसका शुभारंभ वन क्षेत्राधिकारी गम्भीर सिंह धमान्दा, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रान्त पर्यावरण संयोजक विनोद जुगलान और विद्यालय निदेशक रमन सरन ने किया। रेंजर गंभीर सिंह धमांदा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए अत्यधिक संख्या में पौधरोपण करना व इनका संरक्षण करना जरूरी है। इसके लिए प्रभागीय वनाधिकारी नीरज कुमार शर्मा के निर्देशन में वन महोत्सव के तहत विभिन्न जगहों पर पौधरोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। विनोद जुगलान ने कहा कि जलवायु के बदलते स्वरूप को ध्यान में रखते हुए सुखद कल के लिए पौधरोपण के साथ साथ उनका संरक्षण महत्वपूर्ण है। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। मौके पर प्रधानाचार्य रेनू सरन, शिक्षक देवेंद्र शुक्ला, खेल प्रशिक्षक पूजा गुसाईं, कल्याणी सेमवाल, उपराजिक अधिकारी चन्द्र शेखर भट्ट, सतीश पोखरियाल, वन दरोगा स्वयम्बर दत्त कंडवाल, प्रेम सिंह रावत, वन आरक्षी सुभाष बहुगुणा, वनकर्मी मनोज कुमार, भोला आदि उपस्थित रहे।

### विधौली स्थित कांप्लेक्स की पांच दुकानों में आग लगी

देहरादून। विधौली स्थित एक कांप्लेक्स में बनी पांच दुकानों में शुक्रवार सुबह आग लग गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग सेलाकुई और देहरादून की टीम ने आग पर काबू पाया। सीएफओ वंश बहादुर यादव ने बताया कि फायर स्टेशन देहरादून को शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर दून और सेलाकुई से अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अग्नि नियंत्रण टीम के पहुंचने तक आग एक साथ लगी पांच दुकानों में फैल चुकी थी। पांचों दुकानों में पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान एक दुकान में रखे दो एलपीजी सिलेंडरों को बाहर निकाला गया।

# बच्चों को छात्रावास में भेजने को तैयार नहीं अभिभावक



विकासनगर। शिक्षा विभाग की ओर से गैर आवासीय शिक्षा केंद्रों (एनआरएसटी) को बंद कर छात्रावास खोलने का कुछ अभिभावक विरोध कर रहे हैं। जिन्हें सहमत करने के लिए विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए एक गैर सरकारी संगठन की सहायता भी ली जा रही है। शुक्रवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों और गैर सरकारी संगठन के पदाधिकारियों ने वन गुर्जर बस्ती धौला तप्पड़ में चल रहे एनआरएसटी में अभिभावकों के साथ बैठक की। हालांकि इस बैठक में भी अभिभावकों की एकराय नहीं बनी। शिक्षा तक पहुंच से वंचित जनजातियों के लिए, विशेष रूप से जंगलों में रहने वाले वन गुर्जरों के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा मुहैया कराने के लिए गैर आवासीय शिक्षा केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों में गुर्जरों के बच्चों को आठवीं तक निशुल्क शिक्षा मुहैया कराई जा रही है। अब इन्हें इंटर तक की निशुल्क शिक्षा मुहैया कराने के लिए शिक्षा विभाग गैर आवासीय शिक्षा केंद्रों को बंद कर छात्रावास की सुविधा मुहैया करा रहा है। लेकिन कुछ अभिभावक छात्रावास खोलने का विरोध कर रहे हैं। इन अभिभावकों का कहना है कि कक्षा एक में पढ़ने वाले बच्चे परिवार से दूर छात्रावास में नहीं रह सकते हैं। शुक्रवार को धौलातप्पड़ स्थित एनआरएसटी में अभिभावकों के साथ बैठक करने के लिए समग्र शिक्षा की जिला समन्वयक के साथ ही तीन अधिकारी पहुंचे। बैठक में अभिभावकों को समझाने के लिए एक एनजीओ के पदाधिकारी भी पहुंचे थे। अभिभावक लियाकत अली ने बताया कि कक्षा एक के बच्चों को छात्रावास में भेजने के लिए कोई भी अभिभावक तैयार नहीं हो रहा है।

# मानसून के दौरान 24 घंटे सतर्क रहे अधिकारी



ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने शुक्रवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को मानसून के दौरान 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान शहरी विकास मंत्री ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के 10 बड़े नालों की सफाई की जा चुकी है। मानसून को देखते हुए नगर निगम स्तर से सभी आवश्यक उपकरण रखे गए हैं। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि गोविंद नगर में कूड़े के पहाड़ पर नियमित कीटनाशक का छिड़काव किया जाए, ताकि दुर्गंध न उठे।

कूड़ा वाहनों से कूड़ा उठान के बाद मार्ग से गुजरने पर कूड़ा ढका हुआ हो, यह सुनिश्चित करें। केवलानंद चौक मायाकुंड पर पड़े कूड़े पर मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शहर में संचालित नगर निगम के सभी सीसीटीवी कैमरों क संचालन ठीक से करने को कहा। सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ सफाई करने, पथ प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने और बरसात के समय 24 घंटे मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। मौके पर मुख्य नगर आयुक्त शैलेन्द्र सिंह नेगी, अधीक्षण अभियंता दिनेश उनियाल, सहायक नगर आयुक्त रमेश रावत, प्रभारी कर अधीक्षक भारती, अवर अभियंता तरूण लखेड़ा, संदीप रतूड़ी, विनोद पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

### युवक की आंख फोड़ने के मामले में दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

विकासनगर। विकासनगर बाजार में तीन जुलाई की शाम को फल खरीदने के दौरान मोलभाव को लेकर हुए विवाद में जौनसार बाबर के युवक की आंख फोड़ने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी को पुलिस गुरुवार को गिरफ्तार कर चुकी है। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। तीन जुलाई की शाम को ठेली व्यापारी ने नीटू निवासी खाटवा पोस्ट खारसी चकराता के साथ मामली विवाद में अपने साथी के साथ पत्थर और बाट से हमला कर उसकी आंख फोड़ दी थी। इस मामले में नीटू की पत्नी मनीता राणा की तहरीर पर पुलिस ने ठेली व्यापारी आदिल उर्फ माटू और अमान के खिलाफ लूटपाट, हत्या का प्रयास, गंभीर चोट पहुंचाने, अंगभंग करने और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया था।

# करंट से झुलसे बिजली कर्मचारी की हालत में सुधार

देहरादून। बल्लुपुर में सिनर्जी अस्पताल के बाहर शटडाउन लेकर 11 केवी लाइन के फॉल्ट को ठीक करने के दौरान करंट से झुलसे बिजली कर्मी आशीष कुमार की हालत सुधार आया है। वसंत विहार बिजलीघर के एसडीओ विनय कुमार ने इंदेश अस्पताल में जाकर डॉक्टरों से बिजली कर्मी के इलाज की जानकारी प्राप्त की। विनय कुमार ने बताया कि फॉल्ट ठीक करते हुए जनरेटर का बैक करंट आने से संभवतः हादसा हुआ। चूंकि कौलागढ़, गोविंदगढ़ या ऊर्जा निगम के किसी बिजलीघर से शटडाउन वापस नहीं किया गया था। 11 केवी लाइन पर काम करने के दौरान आशीष पोल पर चढ़ा हुआ था और उसे ओएनजीसी के दमकल कर्मियों ने सीढ़ी लगाकर नीचे उतारा था। इस हादसे में आशीष के हाथ, पीठ, पैर मामूली रुप से जल गए हैं। डॉक्टरी रिपोर्ट में उसे दो फीसदी जला हुआ बताया गया है। शुक्रवार को उसका ईसीजी, एक्सरे, ब्लड टेस्ट कराया गया। जली हुई स्किन को इन्फेक्शन से बचाने के लिए बर्न ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। हालांकि वह पूरी तरह होश में है और परिजनों से बातें कर रहा है। एसडीओ विनय कुमार के मुताबिक हादसे की जांच विद्युत निरीक्षक द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त कर्मचारी बिना ग्लब्स के काम कर रहा था, जबकि ग्लब्स स्कूटी की डिकी में रखे हुए थे। बारिश के मौसम में सेफ्टी नार्म्स का पालन बेहद जरुरी है। ऐसा अनुमान है कि आसपास चल रहे किसी जनरेटर से बिजली लाइन में बैक करंट आया है।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469 / 79


फोन / फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com